संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 16 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 74 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



महाराष्ट्र केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में 2.5 एकड़ जमीन खरीदने वाला है। ऐसा करने वाला यह पहला राज्य है।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

### मन की बात



"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम

= हमारे नाम पर कई स्कीम और उनके नाम पर स्कैमः पीएम नरेंद्र मोदी

**चुनावी समर**

8 जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को नकार दिया है : पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्याकुमारीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। पीएम मोदी और भाजपा का फोकस दक्षिण की करीब 129 लोकसभा सीटों पर है। इस कड़ी में पीएम मोदी तमिलनाडु पहुंचें। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है। "आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है। मैं 1991 में एकता यात्रा लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर गया था, इस बार मैं कश्मीर से कन्याकुमारी आया हूं। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को नकार दिया है। अब तमिलनाडू के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। मैं तमिलनाडू की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं। भाजपा का प्रदर्शन इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन का सारा घमंड तोड़ कर रख देगा।"

**विपक्ष पर जमकर किया कटाक्षः** पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "हमने ऑप्टिकल फाइबर और 5जी दिया, हमारे नाम पर डिजिटल इंडिया स्कीम है। इंडी अलायंस के नाम पर लाखों करोड़ रुपए का 2जी का स्कैम है और डीएमके उस लूट की सबसे बड़ी हिस्सेदार थी। हमारे नाम पर उड़ान स्कीम है, इंडी अलायंस के नाम हेलीकॉप्टर स्कैम है। हमारी खेलो इंडिया और स्कीम्स से देश ने खेलों में ऊंचा मुकाम हासिल किया, लेकिन उनके नाम पर सीडब्ल्यू स्कैम का दाग है।" "इंडी अलायंस कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकता। इन लोगों की राजनीति का आधार लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना है। एक तरफ भाजपा की कल्याणकारी योजनाएं होती हैं, तो दूसरी ओर इनके करोड़ों के घोटाले होते हैं।"



### किसान क्रेडिट कार्ड योजना में शामिल होंगे मछुआरेः पीएम

`प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, "डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, डीएमके तमिलनाडु के अतीत की, उसकी विरासत की भी दुश्मन है। हम तमिलनाडु के बंदरगाह बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं। मैंने हाल ही में थूथुकुडी में चिदंबरनार बंदरगाह का उद्घाटन किया है।" उन्होंने कहा, "हमारी सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए भी काम कर रही है। उन्हें आधुनिक मछली पकड़ने वाली नौकाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के दायरे में लाने तक, हमने उनकी जरूरतों का ख्याल रखा है।" उन्होंने कहा, "डीएमके और कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी। ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं। ये हमारी सरकार है, एनडीए की सरकार है जिसने जल्लीकट्टू को पूरे उत्साह के साथ मनाए जाने का रास्ता साफ किया। जब दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी तो तमिल संस्कृति के प्रतीक, इस धरती के आशीर्वाद स्वरुप पवित्र सेंगोल को हमने नए भवन में स्थापित किया, लेकिन इन लोगों ने इसका भी बॉयकॉट किया, उन्हें सेंगोल की स्थापना पसंद नहीं आई।" पीएम मोदी ने कहा, "इंडी अलायंस के ये लोग तमिलनाडु के लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ के भी जिम्मेदार हैं। श्रीलंका में हमारे मछुआरे भाइयों को फांसी की सजा दी गई थी, ये मोदी चुप नहीं बैठा। हर रास्ते का इस्तेमाल किया और हर प्रकार का दबाव बनाया और मैं उन सभी मछुआरों को श्रीलंका से फांसी के फंदे से उतारकर वापस लाया।"

### 'बेहतरीन होगा तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शन'

**तमिलनाडु :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में जनसभा की। पीएम ने कहा- आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है। मैं 1991 में एकता यात्रा लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर गया था, इस बार मैं कश्मीर से कन्याकुमारी आया हूं। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को नकार दिया है। अब तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। मैं तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं। तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शन इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन का सारा घमंड तोड़ कर रख देगा। पीएम की 17 दिनों में तमिलनाडु की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले 28 फरवरी को उन्होंने थूथुकुडी में 17 हजार 300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की नींव रखी।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ महिला को सम्मानित करते हुए।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए आज राजी हो गया है। कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इसमें मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से हटाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी के साथ 2023 के कानून के तहत नए चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। , जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश को चयन पैनल से बाहर रखा गया था।

# सीएए हमारा आंतरिक मामलाः एस. जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। इसको लेकर भारत ने अब अमेरिका को जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश विभाग को जवाब देते हुए कहा, "नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है।

सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है।

## बीआरएस नेता के कविता को ईडी ने गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली शराब घोटाले मामले में ईडी ने तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी और विधायक के. कविता को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी उन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली ला जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार सुबह इफ्र नेता कविता के हैदराबाद स्थित घर पर छापेमारी की थी। कविता ने जांच एजेंसी के कई समन नजरअंदाज किए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। कविता तेलंगाना में विधान परिषद की सदस्य हैं। ईडी ने कविता की गिरफ्तारी का लेटर जारी किया है।


मार्च 2023 में ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले मामले में के.कविता का नाम भी शामिल किया था। ईडी ने जांच को लेकर कुछ डॉक्यूमेंट्स कोर्ट में पेश किए थे। इसमें कविता का नाम भी था। उन पर अअढ नेताओं को 100 करोड़ भुगतान कराने का आरोप है।

# चुनावी बॉन्ड की संख्या क्यों नहीं हैः सुप्रीम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉन्ड के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि उसे चुनावी बॉन्ड की संख्या (अल्फा-न्यूमेरिक नंबरों) का खुलासा भी करने को कहा गया था, जो उसने नहीं किया है।

**मूल दस्तावेज वापस करने का निर्देशः** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अपने रजिस्ट्रार को मतदान पैनल द्वारा सीलबंद लिफाफे में दाखिल किए गए डेटा को स्कैन और डिजिटाइज किए जाने के बाद मूल दस्तावेज चुनाव आयोग को वापस करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इसी के साथ इसे अधिमानतः शनिवार शाम 5 बजे तक पूरा किया जाने की बात कही। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर ध्यान दिया कि एसबीआई द्वारा चुनावी बॉन्ड के अल्फा-न्यूमेरिक नंबरों का खुलासा नहीं किया गया है।



**फटकार**

8 सुप्रीम कोर्ट की एसबीआई को फिर फटकार, जारी किया नोटिस, फिर होगी सुनवाई

## सीएए मामले पर होगी सुप्रीम सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नागरिकता संशोधन अधिनियम पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया है। कोर्ट 19 मार्च को इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। केंद्र सरकार द्वारा सीएए के लिए नियम जारी करने के एक दिन बाद केरल स्थित राजनीतिक दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। केरल स्थित राजनीतिक दल ने मांग की कि इस कानून पर रोक लगान की जरूरत है और इसके जरिए मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाए। असम से कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक और अन्य ने भी नियमों पर रोक लगाने के लिए आवेदन दायर किए।

याचिका में कहा गया है कि ये कानून स्पष्ट रूप से मनमाने हैं और केवल उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों के एक वर्ग के पक्ष में अनुचित लाभ पैदा करते हैं, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के तहत अनुमति योग्य नहीं है।

**मामला कोर्ट में**

8 सुप्रीम कोर्ट में सभी याचिकाओं पर 19 मार्च को होगी सुनवाई

## ज्ञानेश-सुखबीर ने संभाला चुनाव आयुक्त का पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नवनियुक्त चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। दोनों चुनाव आयुक्तों का स्वागत मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने किया। पूर्व नौकरशाहों को गुरुवार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। आयोग में दोनों ही पद हाल ही में अरुण गोयल के इस्तीफा देने और अनूप चंद पांडेय के 14 फरवरी को सेवानिवृत्त होने के चलते खाली हो गए थे। सुखविंदर संधू, पंजाब मूल के हैं और उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी और एनएचएआई के चेयरमैन रह चुके हैं।

# 'लोकतंत्र को कमजोर करने वालों को चुनाव में जनता देगी जवाब'

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर बुशहरः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आगामी लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि जो राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का हनन कर लोकतांत्रिक प्रणाली को धन-बल के प्रयोग से कमजोर कर रहे हैं उन्हें लोकतंत्र के महापर्व पर करारा जवाब दें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोग अलोकतांत्रिक हथकंडे अपना रहे ऐसे सभी दलों को करारा सबक सिखाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात आज जिला शिमला के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सराहन में भारी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पन्द्रह-बीस क्षेत्र में उप-तहसील खोलने, ननखड़ी में बस स्टैंड के निर्माण तथा शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण, नलाटी स्टेडियम का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नाम से करने, रामपुर में पार्किंग के निर्माण, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किन्नू का नामकरण शहीद पवन धंगल के नाम से करने, बड़ावली में आईटीआई खोलने तथा सरपारा झील के विकास के लिए 50 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार के खिलाफ वोट करने वाले बागी विधायकों की पार्टी विरोधी गतिविधियों पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि उन्हें कौन नियंत्रित कर रहा हैघ्



उन्होंने कहा कि धन.बल से लोकतंत्र की हत्या करने वालो के कारनामे जगज-हिर हुए हैं। उनके मनसूबे हिमाचल जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में कभी सफल नहीं होंगे क्योंकि यहां की जनता कभी भी अपना ईमान नहीं बेचेगी। हिमाचलवासी सदैव सच और ईमानदारी का साथ देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित कर रही है। इसके फलस्वरूप प्रदेश की आर्थिक स्थिति में आशातीत सुधार हुआ है। प्रदेश सरकार ने कड़े निर्णय लेकर राज्य में व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ सकारात्मक बदलाव लाए हैं। प्रदेश सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति से अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर रही है।



# 'शरणार्थियों ने देश में घुसपैठ की, कानून तोड़ा'

## 'इन लोगों ने गैर कानूनी तरीके से हमारे देश में घुसपैठ की, इनकी इतनी हिम्मत हो गयी कि हमारे देश में प्रदर्शन कर रहे हैं'

**सीएए पर वार..**

**8 सीएए आने के बाद पूरे देश में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी फैल जाएंगे और लोगों को परेशान करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शरणार्थियों को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने गैर कानूनी तरीके से हमारे देश में घुसपैठ की। इनकी इतनी हिम्मत हो गयी कि हमारे देश में प्रदर्शन कर रहे हैं, हुडदंग कर रहे हैं। दिल्ली सीएम ने लिखा, 'इन पाकिस्तानियों की हिम्मत? पहले हमारे देश में गैर कानूनी तरीके से घुसपैठ की, हमारे देश का कानून तोड़ा। इन्हें जेल में होना चाहिए था। इनकी इतनी हिम्मत हो गई कि हमारे देश में प्रदर्शन कर रहे हैं, हुडदंग कर रहे हैं। सीएए आने के बाद पूरे देश में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी फैल जाएंगे और लोगों को परेशान करेंगे। भाजपा इन्हें अपना वोट बैंक बनाने के स्वार्थ में पूरे देश को परेशानी में धकेल रही है।'

इससे पहले गुरुवार को केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इससे भारी संख्या में पड़ोसी देशों से घुसपैठिए भारत आएंगे। मैंने बताया था कि सीएए कैसे खतरनाक है। बाहर से लोगों को लेकर उन्हें राशन कार्ड दिया जाएगा। हमारे लोगों को तो नौकरी मिल नहीं रही है, बाहर से आने वालों को कहां से देंगे। यह देश के लिए खतरनाक है।

सीएए से कानून-व्यवस्था चरमरा जाएगी और इसके बाद चोरी, डकैती और दुष्कर्म के मामलों में वृद्धि होगी। जिसके बाद गुरुवार को हिंदू शरणार्थियों ने सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन किया है। नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है।








### शरणार्थियों ने कांग्रेस दफ्तर के बाहर किया प्रदर्शन, बैरिकेड तोड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति जारी है। विपक्ष की तरफ से सीएए की आलोचन की जा रही है। लेकिन इससे शरणार्थी खफा हो गए हैं। जहां गुरुवार को हिंदू शरणार्थियों ने सीएम केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, कांग्रेस कार्यालय के बाहर शरणार्थियों ने विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने जमकर नारेबाजी की और बैरिकेड तोड़ दिए। सीएए को लेकर दिए बयानों के चलते शरणार्थी इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे शरणार्थियों ने कांग्रेस कार्यालय में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें मुश्किल से रोका।

**कांग्रेस ने उठाए सवाल:** नागरिकता संशोधन कानून के माध्यम से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले ऐसे लोगों को नागरिकता दी जाएगी, जिनका उत्पीड़न हुआ है। इस कानून का स्वागत और विरोध दोनों हो रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस कानून को असंवैधानिक करार दिया है। पार्टी ने सवाल किया है कि यह कानून संसद से विधेयक पारित होने के 51 महीने बाद क्यों लागू किया जा रहा है। कांग्रेस ने चुनाव से ऐन पहले सीएए लागू करने को बंटवारे की राजनीति करार दिया। कांग्रेस ने कहा कि सीएए, भेदभाव को बढ़ावा देता है और यह भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

**सीएए कभी वापस नहीं होगा: अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में साफ कहा कि सीएए कानून कभी भी वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'देश में भारतीय नागरिकता सुनिश्चित करना हमारा संप्रभु अधिकार है और हम इस पर कभी भी समझौता नहीं करेंगे।' शाह ने कहा कि सीएए मोदी सरकार द्वारा लाया गया है और इसे वापस लेना असंभव है। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी।

# मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शराब घोटाले में फंसे दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा। शीर्ष कोर्ट ने उन्हें जमानत नहीं देने का फैसला बरकरार रखते हुए उनकी क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी। इससे पहले मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2023 को खारिज कर दिया था। इसके बाद पुर्नविचार याचिका भी खारिज होने के बाद उन्होंने चार मार्च को क्यूरेटिव याचिका दायर कर इस पर जल्द सुनवाई की मांग की थी।

**चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया फैसला:** सिसोदिया एक साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी वाली चार जजों की पीठ ने इस मामले में सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा कि हमने क्यूरेटिव याचिका और संबंधित दस्तावेजों का अध्ययन किया है।

जमानत न देने के आदेश में बदलाव का कोई आधार नहीं मिला।

**खारिज**

**8 कोर्ट ने जमानत नहीं देने का फैसला बरकरार रखते हुए उनकी क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी**

सिसोदिया को सीबीआइ ने 26 फरवरी, 2023 को दिल्ली आबकारी घोटाले में उनकी संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया था। आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में अदालत ने जेल में बंद आप नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी।

# दिल्ली विधानसभा: डीजेबी की समस्याओं पर सदन में चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा के सदन की कार्रवाई शुरू हुई। आम आदमी पार्टी की और से दिल्ली जल बोर्ड की समस्याओं पर चर्चा शुरू करने का अनुरोध किया। जिसे सदन में स्वीकार कर लिया। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडे ने जल बोर्ड की समस्याएं पिछले दिनों सदन में रखे जाने का उल्लेख किया। वहीं, कई विधायकों की ओर से रखी गई समस्याओं पर जवाब देते हुए जल मंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव को शिकायतें भेजने के बाद उनमें से काफी दूर हुई हैं और कुछ समस्याओं का समाधान करने के लिए अभी समय लगेगा।



दरअसल यह शिकायत पुरानी पाइप लाइन से जुड़ी हुई हैं और नई पाइप लाइन डालने में अभी समय लगेगा।

उधर, भाजपा विधायक अभय वर्मा ने दिल्ली जल बोर्ड में बजट की कमी होने और उसके घाटे के संबंध में श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

# दरभंगा के एक परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बिहार के दरभंगा जिले के फेकला थाना क्षेत्र के कुसोथर गांव निवासी सियालाल साह के बेटे और बहू सहित चार लोगों की दिल्ली के सरोजनी नगर में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। दरअसल, सियालाल साह के तीन बेटों सहित पूरा परिवार दिल्ली में रहकर बच्चों के खिलौना बनाने की फैक्ट्री चलाता है। इनके किराए के घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई।

इस दौरान दम घुटने के कारण मनोज कुमार और उनकी पत्नी सुमन सहित दो भतीजी श्रुति कुमारी और निहारिका कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके भाई राकेश साह, उनकी पत्नी बेबी कुमारी और नंदलाल साह को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक मनोज और सुमन की शादी पिछले साल 17 दिसंबर को हुई थी। पांच वर्षीय सृष्टि और साढ़े तीन वर्षीय सुजाता के घर में चाची सुमन के आने से काफी खुशी थी। वे अपनी मां के बजाय चाची के पास ही ज्यादा रहती थीं। सुमन का परिवार रानी गार्डन इलाके का रहने वाला है वहीं, घटना की सूचना मिलते ही सियालखन साह और उसकी पत्नी गोरकी देवी दहाड़ मारकर रोने लगे।

# 'शर्ट भी पैंट के बाहर रहती है... इनसे ज्यादा आम आदमी कौन'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली शराब घोटाला मामले में को**र्ट द्वारा जारी समन के खिलाफ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की है। उनकी इसी मांग वाली याचिका पर दूसरे दिन कोर्ट में सुनवाई हुई। राउज एवेन्यू अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

**सीएम जनता के सेवक हैं:** इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश वकील रमेश गुप्ता ने कहा, सीएम जनता के सेवक होते हैं। अरविंद केजरीवाल जनता के सेवक हैं। सीएम को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में बुलाया गया था। उन्हें समन एक मामले में भेजा गया था, जो आबकारी नीति के तहत दर्ज किया गया था। नीति केजरीवाल के सीएम रहते अस्तित्व में आई थी। केजरीवाल के वकील ने आगे कहा, कल ईडी ने कहा था कि जब दो दिन बचे हैं तो क्यों कोर्ट आए। समन केजरीवाल के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजा गया था।

**इनसे ज्यादा आम आदमी कौन होगा?:** केजरीवाल के वकील ने आगे कहा, उनके मुवक्किल ने कभी नहीं कहा कि उन्हें अपनी बहन की बेटी की शादी में जाना है। उन्होंने कहा कि पद पर रहते हुए उनकी कुछ आधिकारिक जिम्मेदारियां हैं। समन पर पेश न होने का कारण बताया है। इसलिए जानबूझकर कोई चूक नहीं हुई है। गुप्ता ने कहा, इनसे (केजरीवाल) ज्यादा आम आदमी कौन होगा। इन्होंने आज तक सूट तक नहीं पहना। वो शर्ट पहनते हैं, वो भी पैंट के बाहर रहती है। कभी जूते नहीं डाले।



# उत्कृष्ट




# साल

## निवेश अनुकूल राज्य बनाने के

'डबल-इंजन' विकास मॉडल के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार मिलकर एक ही मिशन पर फोकस कर रही हैं। यूपी की नई औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 से निवेश और राजस्व के क्षेत्र में नई संभावनाएं सृजित हो रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में उद्योगों को फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। अपने इस प्रयास के लिए यूपी को देश में 'अचीवर स्टेट' की उपलब्धि से सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश की नई औद्योगिक नीति का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना,डिजिटल सिस्टम के माध्यम से काम को समय सीमा के भीतर पूरा करना व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ ही समय पर क्लीरियेंस देने के लिए बेहतर सुविधाओं को शामिल करना है। यूपी सरकार का सिंगल विंडो पोर्टल (एसडब्ल्यूपी), जिसे निवेश मित्र के नाम से भी जाना जाता है, यह वर्तमान में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के एसडब्ल्यूपी के बीच सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक है, जिसमें 37 विभागों की 454 से अधिक सेवाओं को शामिल किया गया है।

वर्ष 2018 में हुए इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 4 .28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से फरवरी, 2024 में आयोजित हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को धरातल पर उतारा गया।

पिछले सात वर्षों में सुशासन, बुनियादी ढांचे के विकास और नीतिगत सुधार लागू करने के परिणामस्वरूप राज्य की छवि पूरी तरह से बदल गई है, जिससे अब यूपी व्यापार और निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बन गया है। राज्य में फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

## 'डबल इंजन' सरकार से मिली यूपी के विकास को रफ्तार



## न्यूज़ फ्लैश

### संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने फाउंडर्स डे इवेंट का सफल आयोजन किया



**गाजियाबाद।** संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने हाल ही में अपने फाउंडर्स डे इवेंट का सफल आयोजन किया, जिसका उद्देश्य यूनिवर्सिटी के समृद्ध इतिहास का जश्न मनाना और इसके फाउंडर चेयरमैन, माननीय डॉ. पी. महालिंगम की विरासत का सम्मान करना रहा। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, फैकल्टी, स्टाफ और वर्तमान में अध्ययनरत छात्र एकत्रित हुए और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। उक्त इवेंट की शुरूआत हाई टी के साथ हुई। इसके बाद यूनिवर्सिटी की विभिन्न फैकल्टीज को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. पी. महालिंगम का प्रेरक भाषण था। उन्होंने अपने भाषण में यूनिवर्सिटी की अब तक की अविश्वसनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, इस इवेंट में उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने यूनिवर्सिटी से 25 वर्ष पूर्व अपना ग्रेजुएशन पूरा किया था। साथ ही, तब से लेकर अब तक के उनके योगदान और उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इसके बाद, नेतृत्व टीम ने भी यूनिवर्सिटी की वर्तमान प्रगति और आने वाले वर्षों के लिए इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार साझा किए, जिनमें चांसलर डॉ. मनोज गोयल और वाइस चांसलर डॉ. तृप्ता एस भगत शामिल थे। इस इवेंट में सरस्वती वंदना के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। यूनिवर्सिटी में 25 वर्षों से अधिक सेवाएँ देने वाले कर्मचारियों के विशेष अभिनंदन के साथ यह इवेंट संपन्न हुआ। इवेंट का समापन एक शानदार डिनर और संगीतमय रात के साथ हुआ।

### ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड ने डीआरएचपी फाइल किया

**नोएडा।** ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड ("कंपनी"या "टीएलएल") ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") और बीएसई लिमिटेड व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") फाइल किया है।

कंपनी अग्रणी भारतीय इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण ("ईपीसी") कंपनियों में से एक है, जिसके पास लेटिस से संबन्धित संरचनाओं, कंडक्टरों और मोनोपोल के लिए एकीकृत विनिर्माण सुविधाएं हैं। विश्व स्तर पर टर्नकी बेस पर व्यापक समाधान प्रदान करने में टीएलएल का चार दशकों का ट्रैक रिकॉर्ड है और यह बिजली पारेषण और वितरण क्षेत्र में एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक भागीदार रहा है।

कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से प्रत्येक 2 रुपए अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर ("इक्विटी शेयर") की पेशकश करके धन जुटाने की योजना बना रही है। कुल ऑफर साइज में 4,500 मिलियन (450 करोड़ रुपए) रुपए तक जुटाने के लिए इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और अजंमा होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10,160,000 इक्विटी शेयरों ("ऑफर फॉर सेल") तक की ऑफर फॉर सेल शामिल है। ("प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर"), ("ऑफर")।

कंपनी ने ऑफर से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग 2,500 मिलियन (250 करोड़ रुपए) रुपए तक की वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण, 909.02 मिलियन (90.90 करोड़ रुपए) रुपए तक के पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों ("ऑब्जेक्ट ऑफ ऑफर ") के लिए शेष राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया है।

क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, टीएलएल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष में अपने समकक्षों के बीच परिचालन से राजस्व में 35.1% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है।

इंगा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। ("बीआरएलएम")

# पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सफेद चोले मे राजनीतिक संत: संजय भाटिया

## मनोहर लाल देश में सर्वाधिक मतों से जीत हासिल करेंगे : योगेंद्र राणा

राजकुमार प्रिंस

**करनाल: हरियाणा के** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण, विधायक राम कुमार कश्यप, निवर्तमान मेयर रेणू बाला गुप्ता, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, सरदार बक्शीश सिंह, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला व अन्य प्रमुख कार्यकर्ता व सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के गणमान्य लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को करनाल से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी



का इजहार करते हुए होली से पूर्व होली मनाई। सांसद संजय भाटिया के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाते ढोल नगाड़ों और डीजे की थाप पर खूब डॉस किया। इस मौके पर सभी नेता व कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। संजय भाटिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि उनके स्थान पर मनोहर लाल को टिकट मिलने से वे खुश हैं। वे मनोहर लाल को सफेद चोले में राजनीतिक संत मानते हैं। पार्टी ने उनके बदले में मनोहर लाल को करनाल से प्रत्याशी बनाने पर वह काफी खुश हैं कि करनाल को उनसे अच्छा सांसद मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा व मेयर रेनू बाला ने कार्यकताओं मे जोश भरते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर करनाल लोकसभा चुनाव में हुए पिछली जीत के रिकॉर्ड तोडने का काम करेंगे और करनाल लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पूरे देश मे सर्वाधिक मतों से जिताने का काम करेंगे। करनाल सीट से टिकट मिलने के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में एक बार फिर उत्साह का माहौल है।

मंगलवार को मनोहर लाल के सीएम पद छोडने के बाद जहां कार्यकर्ता थोड़े मायूस थे, वहीं आज करनाल में मनोहर खेमे के कार्यकर्ता खासे उत्साहित नजर आ रहा था। इस अवसर पर चेयरमैन निर्मला बैरागी, पूर्व मुख्यमंत्री को ओर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री शशि पाल मैहता, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जय भगवान सिकरी, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, प्रवीन लाठर, संजय राणा, रजनी परोचा, जिला सचिव सण गुरबक्श लाडी, मंजू खैंची, सोनिया कश्यप, जिला मीडिया प्रमुख डॉ. अशोक कुमार, मीडिया कॉरडीनेटर मीनाक्षी शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनय संधू, सहित सभी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, स्थाई अमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, जिला कायार्कारिणी, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी निगम पार्षदगण, नगरपालिका चेयरमैन, ब्लॉक समिति चेयरमैन, व सभी जेष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रश्मि गोविल ने संभाला इंडियन ऑयल के निदेशक (मानव संसाधन) का पदभार

कमाल हुसैन

**पानीपतः रश्मि गोविल** ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियनऑयल), फॉर्च्यून-500 ऊर्जा कंपनी, में निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार संभाला लिया है। रश्मि गोविल मानव संसाधन में एमबीए और वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हैं। 1994 में इंडियनऑयल से जुड़ने के बाद मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं में लगभग उनको तीन दशकों का समृद्ध अनुभव हासिल है। निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में नियुक्त होने से पहले, वह कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास और कर्मचारी संबंध) के रूप में कार्यरत थीं। गोविल ने इंडियन ऑयल के रिफाइनरी मुख्यालय में भी काम किया है, साथ ही मथुरा रिफाइनरी यूनिट में चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा



किया है। उनके समृद्ध और विविध अनुभव ने इंडस्ट्रियल रिलेशन्स विशेषज्ञ के रूप में पहचान बनाई है। इसके अलावा मुआवजे, परफोर्मेंस प्रबंधन, भर्ती, नीति निर्माण, उत्तराधिकार योजना और सिस्टम प्रबंधन पर भी उनकी गहरी समझ है। गोविल अपने परिणाम-केंद्रित, सहयोगात्मक और समावेशी शैली के लिए जानी जाती हैं और उन्होंने कंपनी के साथ-साथ उद्योग के लिए कई रणनीतिक पहल की शुरूआत भी की है।

## श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा का हुआ शुभारंभ

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। नर सेवा नारायण** सेवा को समर्पित कर्णनगरी क्षेत्र के निवासियों के लिए वरदान रूप श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल में सभी प्रकार के रंगीन अल्ट्रासाउंड करने के लिए



फिलिप्स कंपनी की अफिनिटी 50 मॉडल मशीन का शुभारंभ संस्थान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज तथा वात्सल्यमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज के पावन सान्निध्य में रेडियोलॉजिस्ट डा. अमित कुमार द्वारा इस चिकित्सा सेवा के लाभार्थी पीसी राइस मिल, तरावड़ी परिवार की सुमन गुप्ता तथा सुपुत्र आशीष गुप्ता के करकमलों से संपन्न हुआ। इस सुअवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.नवीन गुप्ता, डिप्टी सीएमओ पीएनडीटी डा. शीनू चौधरी, डा. मोहन लाल गर्ग, अनीता जैन, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. राकेश मित्तल एवं सभी चिकित्सकगण उपस्थित रहे और प्रसाद बांटा गया। प्रबंधन ने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाली मशीन के द्वारा बाजार से कम दाम पर स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## साक्षात्कार सफलता की रणनीति पर कार्यशाला आयोजित

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज के आईक्यूएसी और वाणिज्य विभाग तथा प्लेसमेंट सैल द्वारा समझौता ज्ञापन के तहत रोजगार के अवसर और साक्षात्कार सफलता की रणनीति के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल और डीएवी कॉलेज पेहवा के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित इस कार्यशाला में दयाल सिंह कॉलेज करनाल के वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डा. मुक्ता जैन ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। जनता कॉलेज कौल के प्राचार्य डा. ऋषिपाल ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया, जबकि मंच का संचालन प्रो. चेष्टा अरोड़ा ने सफलतापूर्वक किया और विषय की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

## 'निरोग रहने के लिए योग है सर्वश्रेष्ठ साधन'

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। योग गुरु** दिनेश गुलाटी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने और उन में योग के प्रति रुचि पैदा करने के लिए का कार्य पिछले 20 वर्षों से निरंतर कर रहे हैं और वे इसमें सफल भी रहे हैं। उनके द्वारा चलाए जा रहे मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत वे आज प्रातः तिकोना पार्क सेक्टर 6 कक्षा में पहुंचे और यहां योग साधकों को योग सत्र करवाया। सभी ने उत्साहपूर्वक योगिक क्रियाओं आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग शिक्षक देवेश भाटिया, रीटा कुमारी और ममता धवन ने भी साधकों को कुछ आसनों का अभ्यास करवाया। इस दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि समाज को योग के प्रति जागरूक करने की दिशा में उनके प्रयास हमेशा जारी रहेंगे। स्वस्थ और निरोग रहने के लिए



जिंदगी में योग का बहुत महत्व है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग स्वास्थ्य की कुंजी है और निरोग रहने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। उन्होंने कहा कि प्राणायाम के द्वारा हम अपनी श्वासों का विस्तार कर सकते हैं अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं।

और गहरी श्वास के साथ प्राणायाम करने से शरीर के सभी अंदरूनी अंग स्वस्थ होते हैं, शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है और शरीर ऊजार्वान बनता है कक्षा में योग साधकों ने सूर्य नमस्कार का विधिवत अभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रतिदिन की भांति बहुत से योग साधक कक्षा में ममता धवन, सीमा, ज्योति, कुमकुम, सुरजीत, सुमन अरोड़ा, नमिता, रीता, प्रवीण, रिचा, निधि गुलाटी, रेखा, वीना, अनु, भूपेंद्र चंद्र अरोड़ा, राकेश, राजन भाटिया, गोकुल, गौरव, संजय और रजत चोपड़ा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान डेरी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है: डा. आर.एस

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। भारतीय कृषि** अनुसंधान परिषद्-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान का 20वां दीक्षांत समारोह आज संस्थान के डा. डी. सुन्दरसेन सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पदम भूषण डा. आर.एस. परोदा, पूर्व सचिव (डेयरी) तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं टास के अध्यक्ष ने दीक्षांत भाषण दिया। 20वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुल 278 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं जिनमें से 49 विद्यार्थियों को बी. टेक की डिग्री, 127 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर की डिग्री तथा 102 शोधकताओं को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान के निदेशक




एवं कुलपति, मानद् विश्वविद्यालय, डा. धीर सिंह ने बताया कि भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल उत्तम नस्ल के गोवंश एवं भैंसों को तैयार करने की दिशा में उन्नत कटिंग ऐज प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कार्य कर रहा है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए उन्हें नौकरी के बजाय उद्यमी बनने की सलाह दी। डॉ. सिंह ने कहा कि संस्थान मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बी.टेक (डेरी प्रौद्योगिकी) की डिग्री के साथ-साथ 14 विषयों में स्नातकोत्तर तथा 14 ही विषयों में पीएचडी की डिग्रियाँ विद्यार्थियों को प्रदान करता है। डा. सिंह ने अपने संबोधन ने आगे कहा कि संस्थान ने अब तक 85 पेटेंट फाइल किए हैं, जिसमें से उसे 49 प्रदान किए जा चुके हैं। संस्थान रोगों के नियंत्रण के माध्यम से प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। डा. धीर सिंह ने यह भी बताया कि विगत वर्ष 100 से अधिक विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अभी हाल में ही विस्तार के क्षेत्र में कार्य करते हुए संस्थान ने कल्याणी, पश्चिम बंगाल और झारखंड जैसे इलाकों में डेरी मेला का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में पशुपालक एवं पशुप्रेमी सम्मिलित हुए। अपने दीक्षांत संबोधन में बोलते हुए डा. आर.एस.परोदा ने कहा कि राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान डेरी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है। संस्थान की तारीफ करते हुए उन्होंने बताया कि इस संस्थान ने अथक प्रयास के पश्चात ही सभी राज्य कृषि विश्व विद्यालयों से अनेक वर्षों तक प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृषि एवं डेरी क्षेत्र के लिए पोषण सुरक्षा को महत्वपर्ण चुनौती बताते हुए उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में तो हम काफी आगे आ गए हैं किन्तु अभी भी पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत के सतरंगी क्रांति पर चर्चा के अनुक्रम में किए गए कार्य का ही परिणाम है कि आज भारत वैश्विक औसत दुग्ध उपलब्धता से काफी आगे निकल आया है और आज यहां प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्ध्ता 400 ग्राम से अधिक है।

## पेमेंट भुगतान न होने से नाराज निजी अस्पतालों ने दिया अल्टीमेटम



राजकुमार प्रिंस

**करनाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का सपना की गरीब आदमी को मनपसंद हॉस्पिटल में इलाज करवा सके इसके लिए आयुष्मान योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत जो भी गरीबी रेखा में आते हैं, वह अपना इलाज किसी भी निजी अस्पताल में करवा सकते हैं। अब इस सरकारी योजना को अधिकारियों की वजह से नुकसान होने वाला है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण लगभग हरियाणा के अस्पताल के 300 करोड़ रुपए बकाया हैं, जो कि सरकार ने हरियाणा के अस्पताल को दिए ही नहीं। निजी अस्पतालों को सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के तहत बकाया राशि का भुगतान न करने में बिक्री डॉक्टर ने आज शुक्रवार को आईएमए के बैनर के तले रोज व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि 15 मार्च तक भुगतान नहीं हुआ तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों का इलाज नहीं करेंगे। स्टेट आईएमए द्वारा बैठक कर बताया कि पिछले 6 महीने से विभाग द्वारा उनके हॉस्पिटलों के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं, जबकि अधिकारियों को बार-बार कहा गया है। कहा गया है उनके द्वारा जो भी बिल दिए जाते हैं, उसमें भारी कटौती कर दी जाती है। उनका कहना है कि अब निजी स्तर आयुष्मान योजना के तहत 16 मार्च से कोई भी इलाज नहीं करेंगे।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने की विभिन्न स्कॉलरशिप की घोषणा

टीम एक्शन इंडिया

**पलवलः** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो



मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा।

## 15 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि से होंगे कार्य: अभिषेक

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। शहरवासियों** को विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इसके लिए नगर निगम की ओर से अनेक कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी किए गए हैं तथा कुछ कार्य शुरू हो चुके हैं। इन सभी विकास कार्यों पर अनुमानित 15 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निगमायुक्त ने विकास कार्यों की जानकारी देते बताया कि सैक्टर 6-7 डिवाईडिंग रोड की विशेष



मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है। इस सडक पर बिटुमिन की मजबूत परत बिछाई जाएगी। इस पर अनुमानित 82 लाख 67 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सैक्टर 4-5 डिवाईडिंग रोड की भी विशेष मरम्मत करवाई जाएगी। इस पर अनुमानित 84 लाख 38 हजार रुपये की राशि खर्च होगी। इसके अतिरिक्त काछवा रोड रेलवे फ्लाईओवर के नीचे नए पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस पार्क पर अनुमानित 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। पार्क के अंदर ट्रैक, ओपन एयर जिम तथा झूले इत्यादि कार्य करवाए जाएंगे। इन कार्यों के हुए वर्क ऑर्डर जारी- उन्होंने बताया कि गांव कैलाश स्थित हॉकी स्टेडियम के साथ लगती खाली भूमि पर कबड्डी हाल का निर्माण किया जाएगा। यह हाल अनुमानित 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से तैयार होगा। सम्बंधित एजेंसी को इसके निर्माण के लिए वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। आगामी छः माह में यह पूर्ण होगा।

## जिला बाल संरक्षण की टीम ने दी पोक्सो एक्ट, बाल तस्करी कानून की जानकारी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। महिला एवं** बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला मोर के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण कार्यालय के सौजन्य से जागरुकता अभियान के तहत तपन पुनर्वास केंद्र, नीलोखेड़ी, करनाल में पोक्सो एक्ट 2012, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर क्राइम तथा बाल तस्करी कानून की जानकारी दी गई। संरक्षण अधिकारी सुमन नैन व पूनम श्योरायण ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत यह यूनिट 0-18 वर्ष तक के जरुरतमंद व बेसहारा बच्चों के हित तथा सुरक्षा के लिए काम करती है तथा विभाग द्वारा चलाई



जा रही स्कीमों स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर इत्यादि स्कीमों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बच्चों से आह्वान करते हुए कहा गया कि अपनी चुप्पी को तोड़ें और अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हों। स्कूलों में बच्चों को दुराचार, अत्याचार व यौन शोषण का शिकार होने तथा बचने के लिए पोक्सो एक्ट 2012 की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य 0-18 वर्ष तक के बच्चों को शारीरिक शोषण व यौन शोषण से बचने और यौन शोषण के खिलाफ सजा के प्रावधान के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे अपराध करने वालों को उम्र कैद की सजा हो सकती है। बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को जानकारी देते हुए यह भी बताया गया कि बच्चों के साथ यदि किसी भी प्रकार का शोषण किया जा रहा हो तो वह चाईल्ड हैल्प लाईन नं0 1098, 112 तथा जिला बाल संरक्षण कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। शिविर के दौरान संस्थागत संरक्षण अधिकारी द्वारा बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चल रही विभिन्न स्कीमों जैसे स्पॉन्सरशिप स्कीम, फोस्टर केयर, एडॉप्शन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ इत्यादि के विषय में जागरूक किया गया तथा इसके साथ-साथ बाल श्रम और भिक्षावृत्ति के विषय में भी जागरूक किया गया। तपन पुनर्वास केंद्र की निदेशक डॉ. सुजाता ने जिला बाल संरक्षण कार्यालय से सुमन नैन व पूनम श्योरायण का धन्यवाद करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे बाल यौन शोषण घटना से संबंधित कोई भी जानकारी बताने में सक्षम नहीं होते हैं इसलिए माता-पिता एवं शिक्षकों के लिए इस तरह के विषय पर जागरूकता शिविर बहुत लाभकरारी होते हैं जो कि बहुत ही संवेदनशील विषय हैं। उन्होंने पुनर्वास केंद्र के स्टाफ को जानकारी देते हुए कहा कि हमें हमेशा बच्चों के साथ प्रेम व सौहार्द पूर्ण वातावरण अनुसार व्यवहार करते हुए बच्चों व उनके अभिभावकों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भेंट किया गया शादी का सामान

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया जहां एक तरफ अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए देशभर में विशेष भूमिका निभा रहा है, वही दूसरी ओर समाजसेवा के क्षेत्र में भी नए मुकाम हासिल कर रहा है। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट इंचार्ज इंटरनेशनल प्रेजिडेंट राजेश गर्ग एवं राष्ट्रीय मुख्य निदेशक महिला प्रकोष्ठ राखी गर्ग के निवास सेक्टर-7 में कार्यक्रम आयोजित कर जरुरतमंद कन्या के लिए शादी का सामान भेंट किया गया। शादी की जरुरत का सम्पूर्ण सामान



परिवार को भेंट किया गया। यह चैरिटी प्रोजेक्ट स्वर्गीय जयपाल गर्ग की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। इस प्रोजेक्ट में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा, राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ निशा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राखी गर्ग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार जरुरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए।

# संपादकीय

## आंदोलनों के बीच चुनाव का इंतजार

**देश इस** समय अनेक तरह के आंदोलन सड़कों पर देख रहा है। इनमें प्रमुख हैं किसानों का आंदोलन और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बजाय बैलेट पेपर पद्धति से चुनाव कराने की मांग को लेकर होने वाला आंदोलन, जिनमें ज्यादातर वरिष्ठ वकील एवं सिविल सोसायटियां शामिल हैं। दूसरी तरफ राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' अपने समापन की ओर है। वहीं इस समय बड़ी गहमागहमी सुप्रीम कोर्ट के परिसर में भी है जहां इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को न्यायपालिका के सामने झुकना पड़ा। चुनावी चंदे के रूप में करोड़ों रुपये एकत्र करने वाली नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी को बचाने की कोशिशों में नाकाम एसबीआई ने आखिरकार केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को वह सूची सौंप दी जिसमें बतलाया गया है कि किन 22 हजार से ज्यादा लोगों ने किन दलों को चंदा दिया है। यह सूची आयोग को शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर डालनी है। इसी दिन निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति समेत सम्बन्धित अधिनियम को चुनौती देने वाली एक याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट को उसी दिन सुनवाई करनी है। हालांकि आनन-फानन में केन्द्र सरकार ने दो नये आयुक्तों की नियुक्तियां कर दी हैं। जो भी हो, साफ है कि अब जब कभी भी आम चुनावों की घोषणा हो सकती है, भाजपा कई-कई मुसीबतों के साथ उसका सामना करेगी। आंदोलनों की बात करें तो जो दो प्रमुख आंदोलन सामने हैं, उनमें पहला तो है किसानों का आंदोलन जो अब शम्भू बॉर्डर पार करता हुआ देश की राजधानी दिल्ली तक आ पहुंचा है। कृषि उत्पादों पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य (सी2 प्लस 50 प्रतिशत का फामूर्ला) की मांग को लेकर बुधवार को देश भर के किसान संगठनों ने दिल्ली के जवाहर भवन में बैठक की। इन किसानों की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं- किसानों की कर्ज माफी, मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों को 700 रुपये प्रति दिन के हिसाब से 200 दिनों का काम, जमीन अधिकरण कानून, 2013 के तहत भू अधिग्रहण का फामूर्ला तय करना, वन संरक्षण अधिनियम, 2023 को रद्द करना आदि। तय किया गया कि 23 मार्च को देश भर में इन मांगों को लेकर किसान देशव्यापी आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही किसान ईवीएम हटाने की भी मांग कर रहे हैं। यही मांग लेकर वकीलों एवं स्वयंसेवी संगठन पहले से ही आंदोलनरत हैं। साफ है कि ऐन चुनाव के पहले इन मांगों को लेकर होने वाले आंदोलनों से भाजपा का परेशान होना लाजिमी है क्योंकि इससे उसके खिलाफ व्यापक जनमत बन रहा है। किसानों ने 2020-21 में इसे लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ा गया था जिसके कारण सरकार को वे तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े थे जिनके जरिये मंडी व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर देश का कृषि व्यवसाय निजी हाथों में सौंपने की तैयारी मोदी सरकार ने कर रखी थी। आंदोलन वापसी के समय सरकार ने जो आश्वासन किसानों को दिये थे, उन पर अब तक अमल न होने पर किसानों ने 12 फरवरी से यह आंदोलन पुनः शुरू किया है। इस आंदोलन को दबाने के लिये सरकार ने वे सारे उपाय किये, जो उसने पहले वाले आंदोलन के दौरान किये थे। किसान व ईवीएम विरोधी आंदोलन जिस प्रकार से बड़ा रूप ले रहे हैं, उससे भाजपा विरोधी वातावरण बन रहा है।

# दो रुपए की छूट और अरबों की लूट

**राकेश अचल**

> "आप कल्पना कीजिये कि जिस सरकार ने पांच साल में अकेले इलेक्टोरल बांड से 60 अरब कमा लिए वो सरकार महंगाई के जरिये आपको भी लगातार लूटती रही और अब जब आम चुनाव सिर पर हैं तो आपको पेट्रोल-डीजल पर दो रुपए लीटर की छोट देकर या रसोई गैस सिलेंडर पार सौ रुपए की छूट देकर बरगलाना चाह रही है। सत्तारूढ़ दल ने चुनावी चंदे से जुटाई गयी रकम के जरिये देश भर में अपनी पार्टी के लिए 450 आधुनिक कार्यालय बना लिए ,लेकिन भवन विहीन स्कूलों कि फिक्र नहीं की । अस्पताल बनाने को प्राथमिकता नहीं दी।बहरहाल आम चुनाव के जरिये कानून हमें और आपको एक अवसर देता है कि हम इस लूट-खसोट करने वाली संस्था से अपना हिसाब बराबर करें या इस लूट-खसोट को लगातार जारी रखें ! इलेक्टोरल बांड के जरिये की गयी"

**आज** भारत सरकार को धन्यवाद देने के साथ ही उसकी निंदा करने का भी दिन है। धन्यवाद इसलिए की उसने पूरे पांच साल लूटने के बाद जनता को डीजल और पेट्रोल के दामों में दो रुपए लीटर की छूट देने का ऐलान किया है और निंदा इसलिए की सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये पांच साल में 60 अरब का चन्दा ईडी की नोंक पर वसूल लिया। ये दोनों ही बातें चूंकि तथ्यात्मक हैं इसलिए इन्हें लेकर आप खुद फैसला कर सकते हैं कि आपको आने वाले दिनों में लुटेरी सरकार चाहिए या उसका कोई विकल्प।

इसमें कोई दो राय नहीं की हमारी सियासत का ढांचा लोकतान्त्रिक है लेकिन इसमें लूट-खसोट की पूरी गुंजाइश है । पिछले 77 साल में जो भी सत्ता में आया उसने लोक कल्याण के साथ जितना बना देश और देश की जनता को लूटा । किसी ने कम लूटा तो किसी ने ज्यादा लूटा । किसी ने लूटने में उदारता दिखाई तो किसी ने लूटने में पूरी निर्ममता का प्रदर्शन किया। केंद्रीय चुनाव आयोग की वेब साइट पर दशार्ये गए आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आजादी के बाद कोई सबसे बड़ी लूट मौजूदा सत्ता ने की है। भाजपा की और मोदी की गारंटी वाली सरकार ने पांच साल में इलेक्टोरल बांड के जरिये दस-बीस लाख नहीं बल्कि पूरे 60 अरब रुपए देश के उद्योगपतियों से वसूल किये और वो भी ईडी [प्रवर्तन निदेशालय ] की नोंक पर।

आप कहेंगे कि ईडी [प्रवर्तन निदेशालय ] कोई चाकू या तलवार तो नहीं है जो उसकी नोंक होती हो ,लेकिन हकीकत ये है कि इस संस्था की नोक इतनी पेनी है कि जिस की भी गर्दन पर रखी गयी उसने मन से या बेमन से इलेक्टोरल बांड खरीदकर भाजपा के खाते में डाल दिए। लूट का ये नायाब तरीका कांग्रेस छह दशक तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस भी नहीं खोज पायी थी। केंचुआ की वेब साइट पर आयी 762 पृष्ठों की जानकारी का सार ये है कि भाजपा ने पांच साल में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। राजनीतिक दलों के लिए सबसे




ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज है। इस कंपनी ने कुल1368 बॉन्ड खरीदे, जिसकी कीमत 13.6 अरब रुपये से अधिक रही।

लुटेरों की सरताज भाजपा अब यदि रसोई गैस पर 100 रुपए की और पेट्रोल -डीजल पर आपको दो रुपए लीटर की छूट दे रही है तो ये कोई अहसान नहीं बल्कि आने वाले आम चुनावों में आपके अनमोल वोट की सबसे सस्ती कीमत है। अब यदि देश की भोली जनता इस हकीकत को नहीं समझती तो उसका मालिक भगवान ही हो सकता है ,कोई राजनीतिक दल नहीं। राजनितिक दल तो चोर-चोर मौसेरे भाई हैं ,कोई छोटा लुटेरा तो कोई बड़ा लुटेरा । लूटना सभी के डीएनए में शामिल है। देश की जनता का दुर्भाग्य है कि उसे इन्हीं लुटेरों के गिरोहों में से अपने लिए चौकीदार,सेवक,संरक्षक और भाग्य विधाता चुनना है।

मेरा या किसी दुसरे लेखक/पत्रकार का अनुभव मुमकिन है कि कम हो किन्तु रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के अनुभव से ही हमें सबक लेना चाहिये । खासतौर पर सत्ता के चुनाव के समय के आचरण को देखकर। चुनाव के मौसम में आखिर जनता के ऊपर उपहारों/ रियायतों की बरसात क्यों हो रही है ? सरकार इतनी विनयवत क्यों है ? क्यों झुक रही है ? इस संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास इशारों में कहते हैं कि -

नवन नीच की अति दुखदाई
जिमि धनु,अंकुश ,उरग, बिलाई

मतलब साफ है । वे उदाहरण सहित समझा गए हैं कि जैसे धनुष , अंकुश ,सांप और बिल्ली झुकती है तो दुःख ही देती है अर्थात जिसके स्वभाव में नीचता है वो जब भी झुकेगा आपके ऊपर घात करेगा,इसलिये ऐसे सभी तत्वों से सावधान रहना चाहिये । हमारी सत्ता में धनुष,अंकुश,सर्प और बिल्ली किसी न किसी रूप में विद्यमान है । आज यदि सत्ता रहमदिली दिखा रही है तो समझ लीजिये कि आने वाले दिनों में यही सत्ता आपके ऊपर कहर ढाने वाली है। कहर का रूप कुछ भी हो सकता है । इसे पहचानना आसान नहीं है । ये कभी धाराओं के रूप में होगा तो कभी अध्यादेशों के रूप में। कभी एक देश ,एक विधान,एक निशान,एक भाषा,एक वेश के रूप में होगा तो कभी किसी दूसरे रूप में। फिलहाल तो चुनाव इस विनय की वजह हैं।

आप कल्पना कीजिये कि जिस सरकार ने पांच साल में अकेले इलेक्टोरल बांड से 60 अरब कमा लिए वो सरकार महंगाई के जरिये आपको भी लगातार लूटती रही और अब जब आम चुनाव सिर पर हैं तो आपको पेट्रोल-डीजल पर दो रुपए लीटर की छोट देकर या रसोई गैस सिलेंडर पार सौ रुपए की छूट देकर बरगलाना चाह रही है। सत्तारूढ़ दल ने चुनावी चंदे से जुटाई गयी रकम के जरिये देश भर में अपनी पार्टी के लिए 450 आधुनिक कार्यालय बना लिए ,लेकिन भवन विहीन स्कूलों कि फिक्र नहीं की । अस्पताल बनाने को प्राथमिकता नहीं दी।बहरहाल आम चुनाव के जरिये कानून हमें और आपको एक अवसर देता है कि हम इस लूट-खसोट करने वाली संस्था से अपना हिसाब बराबर करें या इस लूट-खसोट को लगातार जारी रखें !

इलेक्टोरल बांड के जरिये की गयी लूट के जरिये धन वसूली के मामले में तीसरे नंबर पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति है जिसने 14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इसके बाद भारत राष्ट्र समिति ने 12 अरब रुपये और बीजू जनता दल ने 7 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को बनाया है। इस मामले में पाँचवें और छठे नंबर पर दक्षिण भारत की पार्टियां डीएमके और वाईएसआर कांग्रेस (युवासेना) रहीं। इन पार्टियों के बाद तेलुगु देशम पार्टी, शिवसेना , राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, जनता दल (सेक्युलर), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, जनसेना पार्टी, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइडेट), झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिरोमणि अकाली दल, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, शिवसेना, महाराष्ट्रवादी गोमन्तक पार्टी, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का नाम शामिल है।

ये आंकड़े मैंने आपको इसलिए बताये ताकि आपको फैसला करने में मदद मिले । आपसब तो केंचुआ कि वेब साइट को खंगाल नहीं सकते। चुनावी साल में राहतों की बरसात में भीगकर जनता अपने दुःख-दर्द को भूलकर क्या फैसला करती है ये तो जनता जाने लेकिन एक बात जरूर है की देश आजदी के बाद के सबसे गंभीर दौर से गुजर रहा है । देश को गरीबी,बेरोजगारी ,बीमारी और शिक्षा के तमाम लक्ष्यों के साथ ही धर्मान्धता से भी जूझना पड़ रहा है। देश में बीते 77 साल में ये सबसे सुर्ख साल है जिसमें धर्मान्धता को सत्ता ने पोषित किया है। सत्ता पोषित धर्मान्धता देश की सबसे बड़ी दुश्मन है ,अन्यथा धर्म तो सनातन है। इतना विषैला पहले कभी न था । धर्म ने इससे पहले कभी समाज को तोड़ने का काम नहीं किया था ,न मुगलों के जमाने में और न अंग्रेजों के जमाने में। ॅ'१ि२1959@ॅ'ङ्क

# कविता

कितना अजनबी, पराया सा दिखता है
वो।

कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो फिर भी।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी मासूम है माशूका शायद ।
जाते वक़्त वजूद छोड़ अपना जाता है वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहेब।
ख्यालों से अपने भिगा जाता है वो।।

इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे करा जाता है वो।।

महकती रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहता रहता है वो।।

उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।
मुझ फकीर से याराना रखता है वो।।

संजीव ठाकुर

## बच्चों को प्रेरित करने वाली विज्ञान कथाएँ

**विजय गर्ग**

**बच्चे हमारा भ**विष्य हैं और उनके दिमाग के विकास के लिए कहानियाँ बहुत महत्वपूर्ण हैं। कहानियाँ उनकी कल्पनाशक्ति को उत्तेजित करती हैं, उनमें मूल्यों की भावना पैदा करती हैं। इस तरह, वे एक खुशहाल और सम्मानजनक दुनिया बनाने में बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं। इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में विज्ञान कथा और पर्यावरण कहानियाँ बच्चों के लिए प्रमुख भूमिका निभाती हैं। कहानियों की यह शैली न केवल बच्चों को अद्भुत दुनिया से अवगत कराती है, बल्कि उन्हें विज्ञान से भी परिचित कराती है।प्रौद्योगिकी और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता है। नैतिक मूल्यों के संचार में भूमिका ये भी पढ़ें बच्चों के मन को सीखने के लिए प्रेरित करने वाली विज्ञान कथा बच्चों के मन को सीखने के लिए प्रेरित करने वाली विज्ञान कथा इन कहानियों में अक्सर ऐसे पात्र होते हैं जो प्राकृतिक दुनिया की रक्षा के लिए अनुसंधान करते हैं, जीवित प्राणियों के लिए करुणा और ग्रह संबंधी जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। बचपन में पर्यावरण के बारे में पर्याप्त जानकारी प्रदान करके बच्चे पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों के रूप में विकसित हो सकते हैंसंभावना बढ़ जाती है. ऐसे व्यक्ति प्राकृतिक सह-अस्तित्व और जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता को बहुत गंभीरता से समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में लाभकारी भूमिका निभाने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। वैज्ञानिक कहानियाँ और पर्यावरण कहानियाँ न केवल बच्चों में मानसिक विकास और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करती हैं बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनमें से कई कथाएँ न्याय, सामाजिक समानता और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के विषयों का पता लगाती हैं। काल्पनिक पात्रों काअनुभवों के माध्यम से, बच्चों को नैतिक दुविधाओं, नैतिक निर्णयों और उनके कार्यों के परिणामों द्वारा निर्देशित किया जा सकता है। रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करता है विज्ञान कथा और पर्यावरण कहानियाँ बच्चों के मानसिक विकास, नैतिक जागरूकता और हमारे ग्रह के सामने आने वाली पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान कथा बच्चे की कल्पनाशक्ति को विकसित करने और नई चीजें सीखने की उसकी इच्छा को तीव्र करने में विशेष भूमिका निभाती है। उन्नत प्रौद्योगिकी और ब्रह्मांडीय अंतरिक्ष की भविष्य की दुनिया में साहसी लोगों की कहानी के माध्यम से।बच्चों को बहुत ही रोचक तरीके से वैज्ञानिक अवधारणाओं से परिचित कराया जाता है। विज्ञान लेखक अंतरिक्ष अन्वेषण, समय यात्रा और उन्नत सभ्यताओं के बारे में कहानियाँ बनाते हैं। इन कहानियों के माध्यम से वह बाल पाठकों का मनोरंजन करते हैं और बच्चों को बुनियादी वैज्ञानिक सिद्धांतों से परिचित कराते हैं। इसके अलावा, विज्ञान कथा में अक्सर समस्या-समाधान वाले दृश्य शामिल होते हैं।

# विचार

## जीवन के श्रेष्ठ लक्ष्य सकारात्मक श्रम और संयम से ही संभव'

**संजीव**

**जिंदगी का मू**ल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं' जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## बड़े जिगरे का काम है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यह जानते हुए कि स**भी चीजें महंगी होती जा रही हैं बावजूद इसके उसे सस्ता कहना, बड़े जिगरे का काम है। यह अंधभक्ति की पराकाष्ठा है। मैं इस पराकाष्ठा का मजा लेने का आदी हो गया हूँ। यह मजा बाहर से मुस्कुराने और भीतर से रोने का टू इन वन अहसास देता है। इसलिए जिनमें देशभक्ति नहीं है उन्हें यह मजा नहीं लेना चाहिए। जो महंगे को सस्ता नहीं कह सकते उनके लिए दो रास्ते हैं- देशद्रोही कहलायें या मर जाएँ। अंधभक्त होना एक महान वरदान है। अंधभक्त न हों तो देश कब का बर्बाद हो जाता। उनके होने से ही निर्बाध गति से साँस ले पा रहे हैं। सूर्य का पूर्व से उदित होना, शाम को पश्चिम में अस्त होना यह सब क्या है? क्या यह सत्तर साल पहले हो पा रहा था? नहीं। कभी नहीं। यह सब तो पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है। अभी जो राजाबाबू हैं, वे बड़े ही निहायती और अच्छे किस्म के आदमी हैं। अंधभक्तों की नजर से देखें तो उनमें भगवान नजर आते हैं। बहुत बड़े पद पर हैं। भेष बदलने में नंबर वन हैं। पल में रोना और पल में हँसना उनके बाएँ हाथ का खेल है। खुद किसी को कोई चीज दें तो उसे समय की जरूरत कहेंगे और कोई दूसरा दे दे तो उसे रेवड़ी का टैग लगाकर धोबी पछाड़ का मजा चखायेंगे। हमारे यहाँ चुनाव के दिन चल रहे थे। राजाबाबू अपनी आदत के अनुसार भेष बदलकर हमारे यहाँ पहुँच गए। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क आदि छोड़कर शेष सभी विषयों पर घंटों बात करने लगे। न जाने किसी अज्ञानी ने बीच में पूछ लिया कि हमारी जरूरतें कब पूरा होंगी तब उन्होंने भगवान का वास्ता देकर भजन-कीर्तन करने के लिए कहा। उस दिन जाकर पता चला कि वे भगवानों को अपनी जेब में लेकर घूमते हैं। जहाँ जिसकी जरूरत होती है वहाँ उसी भगवान को उतार देते हैं।

मंदिर जाने पर पंडित, मस्जिद जाने पर मौलवी, गिरजाघर जाने पर पादरी और गुरुद्वारे जाने पर पगड़ी बांधे सबसे बड़े भक्त होने का कीर्तिमान स्थापित करते हैं। लोग नौकरी मांगते तो उन्हें दो करोड़ का खाली कटोरा थमा देते। अन्न माँगते तो 370 थमा देते। भाईचारा माँगते तो धर्मों के बीच कबड्डी करवा देते। सुख-शांति मांगते तो तीन तलाक थमा देते।

## चुनाव आयोग के मामले पर घिरती केन्द्र सरकार

**चुनाव** आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के मामले में केन्द्र सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करने के लिये अपनी सहमति दे दी है जिसमें केन्द्रीय चुनाव आयोग अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को चुनौती देते हुए मांग की गई है कि इस नियम के अंतर्गत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति न होने दी जाये। यह याचिका कांग्रेसी नेता जया ठाकुर की ओर से सोमवार को दाखिल की गई थी। इसके अलावा एडीआर ने भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने की याचिका दाखिल की थी। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता को सूचित किया कि मुख्य न्यायाधीश ने इसकी सुनवाई की मंजूरी दी है और शुक्रवार (15 मार्च) के लिये इसे सूचीबद्ध किया गया है। यानी उसी दिन इस पर सुनवाई होने जा रही है जिस दिन केन्द्रीय चुनाव आयोग को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मिली इलेक्टोरल बॉन्डस की पूरी जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी है। चुनाव के ऐन पहले नरेन्द्र मोदी सरकार ने जिस प्रकार से चुनाव आयोग को विवादास्पद बना दिया है, उम्मीद की जाये कि इस सुनवाई में शीर्ष न्यायालय केन्द्र को अनुकूल आदेश देकर आगामी लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न होने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इन चुनावों की घोषणा इसी हफ्ते कभी भी होने के अनुमान जताये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में इस वक्त केवल मुख्य आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हुए हैं। अनूप चंद्र पांडेय जहां फरवरी में सेवानिवृत्त हो गये वहीं दूसरे आयुक्त अरूण गोयल 8 मार्च को इस्तीफा देकर चलते बने हैं। जाहिर है कि एक विशाल तथा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश होने का दावा करने वाले भारत का इतना महत्वपूर्ण आम चुनाव एक ही सदस्य के भरोसे नहीं किया जा सकता। भारत सरकार आनन-फानन में दो नये सदस्यों की नियुक्ति करने पर आमादा है लेकिन जिस प्रकार से आयोग के गठन के सारे अधिकार सरकार ने एक तरह से अपने हाथों में पहले से ले रखे हैं, उससे अंदेशा यही है कि जिन दो सदस्यों की नियुक्तियां होंगी वे सरकार के 'यस मेन' की ही हो सकती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### तहसील में वेब हेलरिस पोर्टल में रही दिक्कत

तहसील में रजिस्ट्री कराने आए युवक ने नाम न छापने पर बताया कि बुधवार को वेब हेलरिस पोर्टल पूरा दिन नही चला, केवल एक ही रजिस्ट्री हो पाई। वीरवार को भी पूरा दिन रजिस्ट्री नही हो पाई। शुक्रवार को पोर्टल दोपहर दो बजे के बाद चला और रजिस्ट्री बनाने का काम शुरू हुआ। वह लगातार तीन दिन से परेशान हो रही है।

### पुत्रवधु ने अपने बेटे के साथ मिल सास व ससुर को पीटा

**गन्नौर। सरढाना गांव** में पुत्रवधु ने अपने बेटे के साथ मिल कर बुजुर्ग सास व ससुर की पिटाई कर दी। इस हमले में बुजुर्ग दंपति घायल हो गए। जिन्हें उपचार रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया। पीड़ित ससुर ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में सरढाना गांव के 72 वर्षीय नफे सिंह ने बताया कि वह घर पर टीवी देख रहा था। इस दौरान उसका पोता कार्तिक आया और टीवी बंद कर दिया। उसने टीवी बंद करने का कारण पूछा तो उसकी पुत्र वधु सोनिया ने टीवी तोड़ने की बात कही और उसे पीछे से पकड़ लिया। इसके बाद उसके पोते कार्तिक ने उसकी डंडे से पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी बाला देवी के साथ भी मां-बेटे ने मारपीट की। जिस कारण वह घायल हो गए। पुलिस ने आरोपित महिला व उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के एक** गांव से महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वह सेलर में काम करने के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पति की शिकायत पर तरावड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल महिला का कहीं पर सुराग नहीं लगा है। चांदखेड़ा गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी सेलर में काम करती है और 13 मार्च की सुबह सेलर में गई थी। छुट्टी के बाद वह टाइम से घर लौट आती थी। लेकिन उस दिन वह नहीं लौटी। आस पड़ोस में भी पता किया गया, लेकिन कुछ नहीं पता चला। वह सेलर में भी पूछताछ के लिए भी गया। जहां उसे पता चला कि उसकी पत्नी तो दोपहर को ही सेलर से चली गई थी। तरावड़ी थाना के प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इसुजु आई-केयर प्री समर कैंप 19 मार्च से

**चंडीगढ़ः** इसुजं मोटर्स इंडिया पूरे देश में इसुजु आई केयर प्री समर कैंप का आयोजन आगामी 19 मार्च से शुरू करेगा जोकि 24 मार्च को सम्पन्न होगा। यह कैंप इसुजु डी मैक्स पिक अप्स और एसयूवी रेंज के लिये मान्य है। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देश भर में इस मौसम में परेशानी मुक्त ड्राईविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। इस अवधि के दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं जिनमें निशुल्क 37 प्वाइंट फ्री कॉम्प्रिहेंसिव चैक अप, बॉडी टॉप वॉश, रिगेन सहित लेबर, पाट्र्स और ईंजन आयल एंड फिल्यूड्स पर बेहतरीन छूट आदि शामिल हैं।

### लेनोवो का अध्ययन: 2024 में 95 फीसदी भारतीय सीआईओ के अनुसार उनके कारोबार के लिए एआई है जरूरी

**बैंगलुरूः** भारत- लेनोवो (एचकेएससीः 992) ने आज ह्यसीआईओ प्लेबुक 2024- इट्स ऑल अबाउट स्मार्टर एआईह्ल रिपोर्ट जारी की, जो एशिया पेसिफिक में एआई के अडॉप्शन पर व्यापक रूझान प्रस्तुत करती है। लेनोवो द्वारा नियुक्त आईडीसी रिपोर्ट, जिसमें भारत में 150 से अधिक सहित 900 से अधिक सीआईओ का सर्वेक्षण किया गया, से पता चलता है कि एशिया पेसिफिक में कंपनियां 2023 की तुलना में 2024 में एआई खर्च को 45% तक बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि एशिया पेसिफिक के संगठन 2023 की तुलना में 2024 में एआई पर व्यय 45 फीसदी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

# थार गाड़ी में आए हमलावरों ने मैनेजर से छीना सोने का कड़ा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मीनार रोड पर थार** गाड़ी में सवार होकर आए कुछ युवकों ने चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, उचानी के रिजनल रिसर्च सेंटर में अनीष मेडिकोज के मैनेजर कम फार्मासिस्ट पर हमला कर दिया। मैनेजर मीनार रोड पर स्थित अरुण फार्मा से अपनी दुकान के लिए दवाइयां खरीदने के लिए आया हुआ था। हमलावर उसका सोने का कड़ा छीनकर फरार हो गए। हमला होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए, जिन्होंने बीच बचाव किया। पीड़ित ने मेडिकल करवाने के बाद शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित



गौरव धमीजा हिसार के सेक्टर-14 का रहने वाला है, लेकिन वह मौजूदा समय में करनाल के अर्बन इस्टेट सेक्टर-14 में रह रहा है। उसने आरोप लगाया है कि उचानी गांव के गुरू ब्रह्मानंद मेडिकल स्टोर का मालिक आशीष चौहान उसे दो-तीन साल से बिना वजह परेशान करता आ रहा है। वह अनीष मेडिकोज पर मैनेजर का काम करता है। बीती 13 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह मीनार रोड पर दवाइयां खरीदने के लिए गया था। आरोप है कि इसी दौरान आशीष थार में सवार अपने कुछ साथियों के साथ आया। वह उसे दुकान से बाहर खींचकर ले आया। आशीष के कहने पर युवकों ने उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने उसका 52 ग्राम का सोने का कड़ा भी जबरन निकाल लिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। आरोपी मौके से फरार हो गए और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने डायल-112 को सूचित किया। पुलिस कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई और उसके करनाल के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसने अपना मेडिकल करवाया और शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में लिया। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि गौरव की शिकायत पर आशीष व अन्य 7-8 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## तहसील में वेब हेलरिस पोर्टल में दिक्कत के चलते होने तीन दिन से परेशान हैं लोग



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः उपमंडल कार्यालय** स्थित तहसील में वेब हेलरिस पोर्टल में दिक्कत के चलते होने के चलते दो दिन से लोगों की जमाबंदी, इंतकाल और रजिस्ट्री से संबंधित काम के लिए तीन दिन से लोग अपने अपने काम करवाने के लिए तहसील में बैठकर इंतजार कर रहे है। यही हालात अंत्योदय सरल केंद्र में भी देखने को मिले जहां परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन और सारथी पोर्टल भी करीब दो घंटे तक बंद रहा। इससे लोगों के सिखलाई ड्राइविंग लाइसेंस , स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस नवीकरण, परिचालक लाइसेंस, नए वाहन का पंजीकरण, वाहन मलकीयत का हंस्तांरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र व डुप्लीकेट आरसी से संबंधित कोई भी काम कराने के लिए इंतजार करना पड़ा। रजिस्ट्री व तहसील संबधित काम के लिए आए लोग तो इंतजार करने के बाद वापस अपने घर लौट गए तथा कई लोग पोर्टल खुलने का इंतजार करते रहे।

## सचिवालय में कैंटीन व फोटोस्टेट की बोली के लिए नही आया कोई बोलीदाता

**गन्नौर। मिनी सचिवालय** में कैंटीन व फोटोस्टेट की बोली के लिए नही आया कोई बोलीदाता शामिल नही हुआ। केवल एक ही बोलीदाता शामिल होने के कारण बोली नही हुई। अब अगली तिथि निर्धारित करने के बाद ही बोली की जाएगी और तब तक पुरानी कैंटीन का संचालक पुराने रेट में ही अपनी कैंटिन को जारी रखेगा ताकि तहसील में आने वाले लोग चाय, पानी पी सके। फ्रूट चाट की बोली पिछल्ली बोली से 2 हजार रुपएं अधिक में छुटी। पिछल्ली बार फ्रुट चाट की बोली 12 हजार 800 रुपएं में थी।

## देश की राजनीति के लिए कमल खिलाएंगे मनोहर लाल: आजाद

### वाल्मीकि समाज के लोगों ने एक-एक वोट मनोहर को देने का दिया आश्वासन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल को भारतीय जनता पार्टी का करनाल लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर वाल्मीकि समाज के लोगों बेहद खुशी का माहौल है। वाल्मीकि समाज के लोगों का कहना है कि करनाल और पानीपत जिला के हर गांव गली मोहल्ले में बसे वाल्मीकि समाज के लोगों का एक-एक वोट मनोहर लाल की जीत के लिए डाला जाएगा। वाल्मीकि समाज के लोगों ने आश्वासन दिया है कि करनाल लोकसभा की सीट को सबसे ज्यादा मतों से जीत कर देने के लिए दिन.रात मेहनत करेंगे। यह आश्वासन वाल्मीकि समाज के



लोगों ने आज शाम शहर के बसंत बिहार क्षेत्र में आयोजित एक बैठक में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरपर्सन आजाद सिंह को दिया। वाइस चेयरपर्सन आजाद सिंह ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दिल में पूरे हरियाणा के लोगों के लिए विशेष तड़प है। उन्होंने अपने शासनकाल में वंचित समाज के लिए और हरियाणा के विकास के लिए दिन रात जुटकर मेहनत की है। पूरा हरियाणा उनके शासन में नई चमक के साथ उभरकर देश के सभी राज्यों में विशेष पहचान बनाने में आगे रहा है। मामला गरीब का हो, किसान का हो, व्यापारी का हो, मजदूर का हो, अधिकारी का हो या फिर महिलाओं के सशक्तिकरण का हो। मनोहर लाल ने हर क्षेत्र में हरियाणा की तरक्की को हमेशा बढ़ाया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा की राजनीति में बड़े नाम के तौर पर चौथे लाल हैं। लोकसभा का प्रत्याशी घोषित होने के बाद हरियाणा के लोगों के घर-घर में नई उमंग, नई ऊर्जा और नए उत्साह के साथ कहा जा रहा है कि हरियाणा के मनोहर लाल अब देश की राजनीति में भी मनोहर इतिहास रचने जा रहे है। इससे हरियाणा का मान और बढ़ेगा।

## संजय कुमार होगें सोनीपत रोडवेज विभाग के महाप्रबंधक

**सोनीपतः रोडवेज विभाग** की तरफ से सोनीपत डिपो में तैनात महाप्रबंधक राहुल जैन का तबादला जींद कर दिया है। वहीं सोनीपत डिपो के नए महाप्रबंधक के तौर पर यातायात मैनेजर से पदोन्नित होकर महाप्रबंधक बने संजय कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ डिपो कमेटी कमेटी ने सोनीपत पहुंचने पर फूलों के बुके व मिठाई के साथ स्वागत किया गया। वहीं संजय कुमार ट्रैफिक मैनेजर की पदोन्नति जनरल मैनेजर के पद पर होने पर हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की डिपो कमेटी ने फूलों के बुके व मिठाई के साथ स्वागत किया गया। जरनल मैनेजर संजय कुमार का स्वागत हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान संदीप मलिक व कमेटी में शामिल पदाधिकारी संजय मलिक,मिंटू, प्रवीण मलिक, अनिल कथुरा,राकेश मलिक, महावीर नंबरदार, मनजीत जसराना, सुरेंद्र सहरावत,राकेश दहिया, राकेश मलिक, सतीश गहलावत, संदीप दहिया,आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## डिप्टी सुप्रीडेंट के कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लापता

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के** महलाना सड़क मार्ग स्थित कैनाल कॉलोनी में डयूटी खत्म करके वापिस लौट रहा कर्मचारी संदिग्ध हालत में लापता हो गया। डिप्टी सुपीडेंट ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कर्मचारी की तलाश के प्रयास कर रही है। सरस्वती विहार महलाना सड़क मार्ग निवासी अशोक ने बताया कि वह जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत में बतौर डिप्टी सुप्रीडेंट के पद पर कार्यरत है। उसनके कार्यालय में कुलदीप सिंह रावत निवासी मदाकनी विहार सहस्त्र धारा देहरादून हाल में कैनाल कॉलोनी चपड़ासी के पद पर कार्यरत है। वह गत 13 मार्च को डयूटी खत्म कर-के घर वापिस लौट आया था। अगले दिन डयूटी पर नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द कर्मचारी का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## किसान के खेत में लगे ट्रांसफार्म का सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मुरथल थाना क्षेत्र** के गांव भिगान में किसान के खेत में सिंचाई के लिए लगाया ट्रांसफार्म नीचे गिराकर सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। विभाग के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। विभाग में तैनात एईई निवासी अश्वनी कुमार ने बताया कि विभाग की तरफ से गांव भिगान के खेतों में आश्रम के सामने 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा रखा है। जोकि अशोक के नाम से विभाग की तरफ से दिया हुआ है। किसी ने गत 11 मार्च को किसी ने ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर जमीन पर गिरा दिया।

## तेज रफ्तार टैंपू (छोटा हाथी) चालक ने मौपेड सवार दंपति को चपेट में लिया

**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र** के गांव बारोटा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार टैंपू (छोटा हाथी) चालक ने मौपेड सवार बुजुर्ग व उसकी पत्नी को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृत की पत्नी के बयान आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जठेड़ी निवासी चंद्रपति ने बताया कि उसका पति राजबीर (70) के साथ अपनी मौपेड दो-पहिया वाहन पर सवार होकर गांव झड़ौदा से सफियाबाद होते हुए घर आ रहे थे। गांव बारोटा के पास एक तेज रफ्तार टैंपू (छोटा हाथी) चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया।

हादसे में उसका पति गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एअसाई जसमेर ने बताया कि आरोपित वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द वाहन चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## स्कूल से घर लौट रही बच्ची को टाटा एस चालक ने मारी टक्कर

**सोनीपतः राई थाना क्षेत्र** के गांव सेवली में शिक्षिका मां के साथ सड़क पार कर रही साढ़े चार साल की बच्ची को टाटा एस ने टक्कर मार दी। जिसके चलते बच्ची घायल हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव सेवली निवासी मीनू ने बताया कि वह गांव में स्थित निजी स्कूल में अध्यापिका है। उनकी साढ़े चार साल की बेटी छवि भी उनके साथ स्कूल जाती है। वह स्कूल की छुट्टी के बाद अपनी बेटी और अन्य बच्चों के साथ स्कूल वैन में घर लौट रही थी।

## हरियाणा स्टेट सब जूनियर वुशु चैंपियनशिप का हुआ समापन

### प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 जिलों के करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बादशाही रोड स्थित** रामलीला ग्राउंड में शुक्रवार को दो दिवसीय हरियाणा स्टेट सब जूनियर ब्वाय एवं गर्ल्स वुशु चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 जिलों के करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता अलग-अलग भारवर्गों में आयोजित की गई। जिसमें मुख्यतः पानीपत, फतेहाबाद व रोहतक जिले के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। 36 किलोग्राम भारवर्ग में फतेहाबाद के गौतम ने स्वर्ण, 39 किलोग्राम भारवर्ग में पानीपत के श्लोक ने स्वर्ण, 42 किलोग्राम भारवर्ग में रोहतक के नवीन ने



स्वर्ण, 45 किलोग्राम भारवर्ग में फतेहाबाद के आर्यन ने स्वर्ण व 48 किलोग्राम भारवर्ग में हिसार के बंटी सैनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। देर शाम तक प्रतियोगिताओं का दौर जारी रहा। प्रतियोगिता के समापन पर प्रो कबड्डी स्टार रविंद्र पहल, जगमिंदर पहल व योगी पहल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों का सोनीपत एमेच्योर वुशु एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सिंह, महासचिव विनोद गुलिया, आयोजन कमेटी के सचिव विशु त्यागी व वुशु कोच पानीपत सोनू कुमार ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को मेहनत व लग्न के साथ आगे बढ़ते रहने की सीख दी। वुशु स्पोर्टस एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अनिल विज ने बताया कि प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।

## जुम्मा पर मोमिनों ने खुदा की बारगाह में अकीदत से पढ़ी नमाज

### रोजा सिर्फ पेट का नाम नहीं बल्कि पूरे शरीर को पाक-साफ रखना होता है : मौलाना साद्दिक

**कमाल हुसैन**

**पानीपत, मुस्लिम** समाज ने रमजानुल मुबारक महीने के पहले जुम्मा की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम से साथ अदा की। माह का पहला जुम्मा व रोजा होने के कारण मोमीन अल सुबह से ही नमाज अदा करने की तैयारियों में जुट गए। जो दोपहर 12 बजे से रंग बिरंगे नए कपड़े पहन, खुशबूदार इत्र की महक से सरोबार होकर व सिर पर विभिन्न प्रकार की टोपी लगाकर मस्जिद के लिए निकले। दोपहर को 2 बजते ही शहर की सभी मस्जिदें मोमिनों से लबरेज हो गई और पेश इमामों ने



रमजानुल मुबारक महीने की फजीलत पर तकरीर पेश की। पानीपत की मॉडल टाउन स्थित ईदगाह के मौलाना साद्दिक साहब ने रमजान उल मुबारक के इस विशेष महीने पर मोमिनों से खिताब करते हुए कहा कि रोजा सिर्फ पेट का नहीं बल्कि पूरे शरीर का होता है। आंख, कान, नाक, जुबान, हाथ, पैर, दिल, दिमाग अर्थात शरीर के तमाम अंगों का रोजा होता है।

जरूरी है कि आंख से वहीं चीजें देखी जाएं जिनको देखने की इजाजत हो, कान से कोई ऐसी बात न सुनी जाए, जिसे सुनने से मना किया गया हो। इसी तरह शरीर के तमाम अंगों से वहीं काम किया जाए जिनका अल्लाह और अल्लाह के रसूल (सल्ल.) की तरफ से हुकम दिया गया है और उन तमाम कामों से परहेज किया जाए जिनसे मना किया गया है। यहां तक की दिमाग में गंदे विचार और वसवसे पैदा हो तो उन्हें झटक दिया जाए, क्योंकि अल्लाह ताला हमारे विचारों और आशंकाओं से भी अवगत है। इसलिए रोजे की हालत में हर किस्म की नाफरमानी सेबचें। साथ ही यह भी जरूरी है कि हर हाल में सच बोले, वादा पूरा करें, अमानत की रक्षा, ठीक नाप-तोल करें, रिश्तेदारों के हुकूक अदा करें, जरूरतमंदों, मजबूरों और लाचारों की मदद करें। हम रोजाना पाबंदी से जमाअत के साथ नमाज अदा करें। तरावीह पाबंदी से पढ़े। वहीं मौलाना साद्दिक साहब ने खुत्बा पढ़ा व मोमिनों ने जुम्मा की विशेष नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।

## पाम ऑयल और पोषण संबंधी तालमेल : पोषक तत्वों का संयुक्त प्रभाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पाम ऑयल ने न केवल खाना पकाने के लिए बल्कि अपनी भरपूर मात्रा में पोषण कंटेंट के लिए भी पहचान हासिल की है। पाम ऑयल, अपने पोषण संबंधी तालमेल और बहुमुखी लाभों के साथ, समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमपीओसी अपने संतुलित फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और प्रोविटामिन ए के महत्व पर प्रकाश डालता है। खाना बनाने के अलावा, पाम ऑयल का सकारात्मक प्रभाव दोनों पोषण और स्वास्थ संबंधी लाभों में भी देखे जाते हैं, जो स्वस्थ भविष्य के लिए एमपीओसी के समर्पण के साथ अनुरूप होता है।पाम ऑयल अपनी संतुलित फैटी एसिड संरचना के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें सैचुरेटेड और अनसैचुरेटेड फैट्स दोनों का मिश्रण शामिल है।पाम ऑयल से प्राप्त सॉलिड फैट्स का चयन करना एक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है क्योंकि यह हाइड्रोजनीकरण प्रक्रिया से बचता है। ऑयल के आंशिक हाइड्रोजनीकरण के परिणामस्वरूप ट्रांस फैटी एसिड (टीएफए), सैचुरेटेड फैटी एसिड का निर्माण और सीआईएस-फैटी एसिड में परिवर्तन हो सकता है। कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने टीएफए और स्तन कैंसर, कोलोनिक कैंसर और हृदय रोग जैसी स्थितियों के बीच संबंध स्थापित किया है। इसके अलावा, टीएफए को टाइप 2 मधुमेह की शुरूआत और नवजात शिशुओं के मस्तिष्क पर संभावित विकास संबंधी प्रभावों से भी जुड़ा माना जाता है। पाम ऑयल को टोकोट्रिएनॉल्स और टोकोफेरॉल्स का एक समृद्ध स्त्रोत माना जाता है, जो सामूहिक रूप से विटामिन ई बनाते हैं।

# नोटिसों से घबराये नागरिकों ने पंचायत की और मकानों को बचने की गुहार की

## सरकार से मकानों को तोड़ने से बचाने का पुरजोर प्रयास किया जायेगा: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा महलाना रोड पर सिथित अम्बेडकर कॉलोनी में मकानों को तोड़ने के दिए गए नोटिसों से घबराये नागरिकों ने पंचायत की और मकानों को बचने की गुहार की। मौके पर पंहुचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकर राजीव जैन ने प्राधिकरण के अधिकारियों को बुलाया और सारी वास्तु सिथिति से अवगत करवाया।

प्राधिकरण के एस्टेट अफसर विजय राठी ने कालोनी वासियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि यह जमीन प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई है, मकानों को बचाने की फाइल विभाग में चल रही है, इसलिए खाली जमीन पर भविष्य में कोई नया निर्माण न करें। उन्होंने कहा



कि कोई भी नया निर्माण शुरू होगा तो विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करनी होगी। पिछले सप्ताह भी प्राधिकरण ने कई प्लॉटों की चार दीवारी अवैध निर्माण बताकर तोड़ दी थी। उल्लेखनीय है कि गत 14 मार्च को नोटिस चस्पा किये गए थे कि विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि पर कब्जा कर रखा है और बार बार नोटिस देने के बावजूद हटाए नहीं है। नोटिसों में अंतिम चेतावनी दी गई है कि दो दिन के भीतर अपने दस्तावेज दिखाएँ अन्यथा कब्जों को हटा दिया जायेगा। इन नोटिसों से 1983 से रहने वाले माकन मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

राजीव जैन ने कहा कि गरीब लोगों ने प्लाटों कि रजिस्ट्री भी करवा रखी है और इंतकाल भी दर्ज है तो फिर इनका निर्माण अवैध कैसे हो सकता है। इसलिए सरकार से मकानों को तोड़ने से बचाने का पुरजोर प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर नीरज अत्रे, महेंद्र सिंह, रामधारी, देवदत्त शर्मा, विनोद, सुभाष, नरेश सहरावत, सुनील शर्मा, भगत सिंह, सतबीर, राजू, बबला, राधेश्याम आदि कालोनीवासी उपस्थित रहे।

# बाबा संवारनाथ डेरा बाहरी में सभी मनोकामना होती हैं पूरी : दीपक मेहरा

**उत्सव**

**8 गले वर्ष इस पवित्र डेरे में इस वार्षिक उत्सव को खुशी से मिलजुल कर बड़े स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा।**



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** बाबा सवारनाथ डेरा बाहरी में महात्मा मुकेश नाथ जी ने बताया कि संवार नाथ चेला मोहरू नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज वार्षिक उत्सव में प्रथम सांग का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीपक मेहरा सरपंच पिपली ने रिबन काटकर किया । यह सॉन्ग प्रसिद्ध सांगी सूरज बेदी और उसकी टीम द्वारा किया गया। बाबा मुकेश नाथ ने बताया कि 15 तारीख से 18 तारीख तक प्रत्येक दिन सांग होगा और 18 तारीख को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज सांग के अवसर पर सबसे पहले कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि दीपक मेहरा को फूल माला और गुरु महाराज जी का सिरोपा और डॉ अंबेडकर जी का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया । ट्रस्ट के प्रधान मानसिंह बजगांव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक मेहरा ने 21000 हजार रुपए श्री गुरु रविदास मंदिर बाहरी और 3100 रुपए सॉन्ग पार्टी के लिए दान किया।दीपक मेहरा ने कहा कि इस पवित्र डेरे में मुझे आने का सौभाग्य मिला और आदरणीय मुकेश नाथ और समस्त कमेटी की तरफ से आशीर्वाद मिला। दीपक मेहरा ने कहा कि इस पवित्र डेरे में सदियों से सभी पवित्र भावना से आते हैं और यहां पर हर मनोकामना पूरी होती है। तो मेरी प्रार्थना है आसपास की सभी गांव की संगत से इस डेरे से जुड़े और इसके विकास के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों का सहयोग करें। अगले वर्ष इस पवित्र डेरे में इस वार्षिक उत्सव को खुशी से मिलजुल कर बड़े स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान मानसिंह बचगांव, श्यामलाल अडोन, फूल सिंह दयालपुर, मिहा सिंह रंगा कलसाना, रामकुमार जोगना खेड़ा, बलवंत सिंह, शेर सिंह, सतपाल सिंह , ईश्वर सिंह अमीन एवं गण मान्य व्यक्ति और आसपास के सम्मानित बुजुर्ग, महिला शक्ति प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

# खेल हमारे जीवन का है, एक महत्वपूर्ण हिस्सा: कोमल सैनी



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** गत वीरवार को गांव देहरा के खेल स्टेडियम में सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा पहली मैराथन (पुरुष) दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आए हुए धावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपना दमखम दिखाया।

इस पहली भव्य मैराथन (पुरुष) दौड़ प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची नगर निगम पानीपत की पूर्व पार्षद कोमल सैनी ने खेलों के महत्व पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इनके बल पर ही हम जीवन की बुलंदियों पर पहुंच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि खेल हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही, खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है।

**प्रतियोगिता**

**8 खेल स्टेडियम में सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा पहली मैराथन (पुरुष) दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

सैनी ने कहा कि अगर युवाओं को जीवन में आगे बढ़ना है तो आज के मौजूदा प्रतियोगिता के इस युग में युवाओं को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करनी होगी और नशे से दूर रहना होगा। इसी बीच विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे राकसेड़ा गांव के सरपंच एवं प्रमुख समाजसेवी रामधन सैनी ने धावकों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को अपनी संस्कृति और मर्यादाओं से जुड़ कर रहना चाहिए क्योंकि पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण एक सभ्य समाज के लिए निरंतर एक बीमारी का रूप ले रहा हैं।

# आर्य कॉलेज की सारा ने बनाया इंडिया बुक रिकॉर्ड

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग के द्वितीय वर्ष की छात्रा सारा खान ने इंडिया बुक रिकॉर्ड बनाकर अपने कॉलेज के साथ-साथ अपने शहर पानीपत और राज्य का नाम भी रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने छात्रा सारा खान को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही उन्होंने जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण,शिवांक रावल,केशव शर्मा, विवेक शर्मा व प्राध्यापिका गजल पांचाल को भी बधाई दी। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष



डॉ. दिनेश गाहल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि बीएएमसी द्वितीय वर्ष की छात्रा सारा खान ने इंडिया बुक रिकॉर्ड में रिकॉर्ड बनाते हुए अरबी भाषा में भारत के सभी राज्यों के नाम 16 मिनट 26 सेकंड में लिख कर रिकॉर्ड दर्ज किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले इंडिया बुक रिकॉर्ड में यह रिकॉर्ड 1 घंटे 7द मिनट का था जो सारा खान ने 16 मिनट में हासिल कर यह रिकॉर्ड

**कामना**

**8 कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने छात्रा सारा खान को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

अपने नाम किया। दिनेश गाहल्याण ने बताया कि सारा अद्भुत प्रतिभा की धनी है। सारा विभाग द्वारा चलाए जा रहे एसीपी नेटवर्क, प्रेरणा न्यूज पेपर में भी बढचढ कर काम करती है। सारा इससे पहले भी कई प्रकार की प्रतियोगिताओं पुरस्कार हासिल कर चुकी है।

# इग्नू का उद्देश्य कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देना: डॉ धर्म पाल

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) भारत ही नहीं अपितु विश्व का सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात विश्वविद्यालय है। इग्नू में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सेशन के लिए और दूसरा जुलाई सेशन के लिए। जनवरी सेशन की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते कॉलेज में ऐडमिशन नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसनी से इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं।

# विज के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों का लगा तांता

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अपना जन्मदिन मनाया। इसको लेकर अंबाला छावनी के शास्त्री कॉलोनी स्थित आवास पर सुबह से ही उनके समर्थकों का तांता लगा हुआ है। इस दौरान द ग्रेट खली सहित अन्य लोगों ने आकर जन्मदिन की बधाई दी। ग्रेट खली ने व उनके साथ आए लोगों ने विज को गीत गाकर अपने अलग अंदाज में बधाई दी। सुबह से कोई समर्थक शायरी सुनाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देता दिखाई दे रहा है तो कोई कविता गायन के



साथ बधाई देता दिखा। इस दौरान विज भी प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दिए। वह अपनी नातिन को दुलार करते भी दिखे। गौरतलब है कि पूर्व गृहमंत्री को प्रदेश में एक धाकड़ नेता और ईमानदार छवि का जनप्रतिनिधी माना जाता है। यही कारण है कि उनके फैसलों को लोग सराहते नजर आते हैं। उन्हें जन्मदिन पर हर साल उनके आवास पर लोग दूर-दूर से बधाई देने आते हैं। पिछली बार भी उनके पास जन्मदिन की बधाई के साथ गुदस्तों का एक बड़ा ढेर लग गया था।

# 'निश्चित समय पर सीएम विंडो से मिली समस्याओं का निदान होगा'

## प्रशासन अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर तैयार, अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों से सीएम विंडों पर आई समस्याओं का लिया अपडेट, अधिकारी सीएम विंडो लगाई गई समस्याओं को लेकर आम जन को करें संतुष्ट

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** मुख्यमंत्री विंडो पर मिलने वाली शिकायतों का अधिकारी तन्मयता से निदान करें। आमजन की समस्याओं को निदान करना सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा है। उन समस्याओं का निश्चित समय अवधि में निदान करना है जो सीएम विंडों पर लगाई गई हैं। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने जिला सचिवालय में शुक्रवार को सीएम विंडो से सम्बंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट को अच्छी तरह से फाईल करें। उसे साफ शब्दों में लिख कर भेजे। उन्होंने बैठक में विभाग अनुसार सीएम विंडो में डाली गई शिकायत कताओं की शिकायत का अपडेट भी अधिकारियों से लिया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जहां-जहां अवैध अतिक्रमण किया हुआ है उस पर संज्ञान ले व जिन शिकायतकताओं ने अवैध अतिक्रमण के संदर्भ में सीएम विंडो लगाया है उन्हें संतुष्ट्द करें। उन्होंने कहा है कि किसी भी प्रकार की



सीएम विंडो पर मिलने वाली शिकायत समाधान के बिना नहीं रहनी चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो पर मिलने वाली शिकायतों का समय रहते निदान करें। सरकार की यह प्राथमिकता है इसका हम सबक ो पालन करना है। उन्होंने ऐसे विभागों से पूरा विवरण लिया जिन विभागों में सीएम विंडो से सम्बंधित शिकायतें लम्बित है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जहां समस्या के समाधान में रूकावट आ रही है उन्हें प्रशासन को बताए उनका समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुझाव भी दिए व समस्याओं को समय अवधि में पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीईओ जिला परिषद गौरव, सीटीएम टीनू पौसवाल, डीएफओ विजय लक्ष्मी, डीडीपीओ विशाल पारासर, तहसीलदार विरेन्द्र गिल, सौरभ शर्मा, अनिल शर्मा, ललिता दलाल, बीडीपीओ शक्ति सिंह, नितिन यादव, विवेक, एसडीओ $कृषि विभाग राधेश्याम गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# '2 करोड़ 44 लाख की लागत से शहरी विधानसभा में होंगे विकास कार्य'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा के वार्डों में लगभग 02 करोड़ 44 लाख की लागत से 08 विकास कार्य कराए जाएंगे, लंबे समय से विधायक प्रमोद विज वार्ड के कार्यो को कराने हेतु प्रयासरत थे, विधायक ने कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी करा दिया है, शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया जाएगा एवं निर्माण कार्य पूर्ण होगा

**इन विकास कार्यो का जारी कराया वर्क ऑर्डर:**

1. वार्ड 10 में गणेश कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण लगभग 49 लाख 68 हजार की लागत से
2. वार्ड 20 के अग्रसेन कॉलोनी के घर नंबर 09 से करन नरवाल के



घर तक एवं मनोज किराना स्टोर से लेकर दुर्गा जनरल स्टोर तक, करण सिंह के घर से धर्मवीर मान के घर तक, राजू किराना से अशोक उप्पल, माखन चक्की से लेकर किसन लाल आहूजा के घर तक 39 लाख 78 हजार की लागत से 25 एमएम का एसफालट की सड़क बनाई जाएगी क

**निर्माण कार्य**

**8 विधायक ने कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी करा दिया है, शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया जाएगा**

3. वार्ड 22 के किशोर गार्डन में लगभग 32 लाख 24 लाख की लागत से फुट पाथ बनाने एवं अन्य कार्य किए जाएंगे क
4. वार्ड 03 में कृष्णा नगर में कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण लगभग 23 लाख 40 हजार की लागत से किया जाएगा
5. वार्ड 11 सैनी कॉलोनी में नयरा पेट्रोल पंप के पास खाली जमीन का सुधार 17 लाख 34 हजार की लागत से क
6. वार्ड 03 के तहसील कैम्प के वाल्मीकि कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण लगभग 13 लाख 16 हजार से पूर्ण किया जाएगा क
7. वार्ड 10 मे 80 एमएम के आईपीबी का पाइप महावीर कम्यूनिटी सेंटर के पास लगभग 24 लाख 44 हजार की लागत से बिछाया जाएगा

# श्री तिरुपति बालाजी धाम में जोर-शोर से चल रही तैयारियां

**हिसार :** दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री तिरुपति बालाजी धाम में होली महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 21 मार्च को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। सायंकाल भजन संध्या का आयोजन होगा। प्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी व उनकी मंडली भजन संध्या के दौरान भजनों के माध्यम से देवी-देवताओं का गुणगान करते हुए होली का रंग जमाएंगी। इस दौरान श्रद्धालुओं पर इत्र की वर्षा भी की जाएगी।

# गांव में घर-घर जाकर लोगों को अपनी वोट बनवाने व वोट देने के प्रति जागरूक किया

**भागीदारी**

**8 अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निश्चित करें**

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

समालखा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय म नाना में चलाएं जा रहे मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत गांव में घर-घर जाकर लोगों को अपनी वोट बनवाने व वोट देने के प्रति जागरूक किया गया उन्हें वोट देने के अधिकार के बारे में बताया गया और समझ गया



कि अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निश्चित करें और योग्य उम्मीदवार को चुनकर देश के विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार अशोक कुमार शीला देवी सीमा देवी व सरिता मित्तल उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने भी अपनी भूमिका निभाई वीरमति पूजा सुदेश कर्मवीर राजीव नंबरदार आदि मौजूद रहे

# विश्व क्लबफुट दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** विश्व क्लबफुट दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट द्वारा जिला नागरिक हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. ललित वर्मा, प्रदीप, वैभव गुलाटी, डॉ सोनल राणा, कोर्डिनेटर दिनेश शर्मा, ईआई राजबीर शर्मा, अनुष्का फांउडेशन से विनोद कुमार ने विशेष रूप से भाग लिया। यह दिवस हर वर्ष 15 मार्च को डॉ इग्नासियो पोंसेटी के सम्मान में मनाया जाता है। सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि भारत सरकार अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से विसंगतियों के साथ पैदा होने वाले बच्चो को मुफ्त इलाज दे रही है, क्लबफुट एक



ऐसा ही जन्म दोष है। जिसमे जन्म से बच्चे के पैर अंदर की ओर मुड़ जाते है। अनुष्का फाउंडेशन एक गैर सरकारी संगठन है जो क्लबफुट की समस्या के उपचार के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के साथ साझेदारी में काम करता है। ओर क्लबफुट रोगियों को 4-5 सालो तक मुफ्त ब्रेस प्रदान करती है जब तक कि उसके पंजे पूरी तरह ठीक नही हो जाते। अनुष्का फाउंडेशन हरियाणा राज्य के 16 जिलों में क्लबफुट पर कार्य कर रही है। जिला नागरिक अस्पताल पानीपत में हर शुक्रवार को क्लबफुट क्लिनिक लगाया जाता है। कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वैभव गुलाटी व डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि इस रोग में बच्चों को सही तरीके से चेकअप करके प्लास्टर लगाया जाता है और क्लबफुट बीमारी से ग्रसित बच्चो के माता पिता को पांच साल तक क्लबफुट इलाज पूरा करने बारे जागरूक किया जाता है। आज 20 बच्चो को क्लबफुट जूते और ब्रेस दिए गए। फिलहाल 74 बच्चो का इलाज जिले पानीपत के सिविल हॉस्पिटल में चल रहा है। अनुष्का फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में रंग-बिरंगे गुब्बारे और युवा रोगियों के मनोरंजन के लिए आकर्षक खेल शामिल थे,

बच्चों की गतिविधियों के अलावा, फाउंडेशन ने परिजनों को क्लबफुट, इसके कारणों और उपलब्ध उपचार के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता शिविर भी आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्द्श्य राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) योजना, आशा कार्यकताओं, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों के सहयोग से व्यापक दर्शकों तक पहुंचना और क्लबफुट और इसके उपचार कार्यक्रम के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना है। क्लीनिक दिवस के अलावा, अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट 1 मार्च से 31 मार्च तक विश्व क्लबफुट दिवस पर लोगों को जागरूक करने पर कार्य करेगी। विभिन्न सरकारी और गैर-लाभकारी हितधारकों के साथ साझेदारी के माध्यम से उनका उद्देश्य अपने कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक लागू करना है और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा क्लबफुट के कारण अक्षम न रहे, अंततः प्रभावित लोगों के जीवन को बदल दे।

# भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है और जनसेवा मुख्य उद्देश्य : बराला

## मोदी के पास है भारत को विकसित बनाने की प्लानिंग : बराला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: लोकसभा चुनाव** से पहले भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। विपक्षी पार्टियों के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी को भी बड़ा झटका लगा है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव के नेतृत्व में और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता .डॉ पंकज बेनीवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष सचिन गौड़, स्टेट ऑब्जर्वर डा. मनीष पाण्डे, ग्रीवेंस कमेटी के चेयरमैन एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजित जेलदार, जिला इवेंट मैनेजर महिपाल यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष गुरुग्राम सतीश सिसौदिया, गुरुग्राम से ही सह सचिव डा. विकास शर्मा ने



अपने समर्थकों के साथ भाजपा में आस्था जताई है। सांसद सुभाष बराला ने प्रदेश कार्यालय रोहतक में सभी नए साथियों को भाजपा का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया और भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल हुए सभी साथियों को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। वहीं भाजपा में शामिल हुए सभी नेताओं ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ पार्टी हित में काम करेंगे। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव आदि मौजूद रहे। सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है और जनसेवा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ देश को तरक्की की राह पर बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पास अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्लानिंग है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में इन 10 सालों में देश और प्रदेश ने जबरदस्त तरक्की की है। गरीब कल्याण की नीतियों से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा। सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ता ही अपनी मेहनत के दम पर शीर्ष पदों पर विराजमान होते हैं। जबकि दूसरे दलों में यह पम्रपरा नहीं है। विपक्ष में परिवारवाद के चलते परिवार के लोग ही बड़े पदों पर विराजमान होते हैं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ता से राजनीति की शुरूआत की और मेहनत के दम पर मुख्यमंत्री बने हैं। आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल होने वाले सभी नेताओं से सुभाष बराला ने कहा कि वे निष्ठा के साथ काम करें और लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदारी के कारण प्रदेश प्रगति के नए आयाम छू रहा है। मनोहर लाल ने हरियाणा में पर्ची और खर्ची को खत्म कर नई मिसाल कायम की है। आज गरीबों के काबिल बच्चों को नौकरियां मिल रही है।

# कल्पना चावला पोलटेक्निक में खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः कल्पना** चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी. अम्बाला शहर में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को मुख्य अतिथि डा० विन्दू आनन्द ने विद्यार्थियों का मनोबल बढाते हुये प्रतियोगिता का आगाज किया। डा० अशवनी भारद्वाज ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को शपथ दिलवाई । लॉन्ग जम्प, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और विभिन्न दौड प्रतियोगिता हुई । 100 मीटर दौड प्रतियोगिता में सन्धया, सलोनी और नेहा शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितिय और तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड में नेहा शर्मा प्रथम, रेशमा द्वितिय तथा सन्धया तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जम्प में तमन्ना प्रथम, हिना द्वितिय



और आचल तृतीय स्थान पर रही । डिस्कस थ्रो में जानहवी प्रथम, आंचल द्वितिय तथा सलोनी तृतीय स्थान पर रही। जैवलीन थ्रो में मानसी ने प्रथम, ऋृतु द्वितीय, तथा आआंचल तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट में फिजा प्रथम आचल द्वितीय तथा हरमनदीप तृतीय रही। अंत में विभागानुसार रिले दौड में कम्पयूटर विभाग प्रथम, लाईब्रेरी साईस विभाग द्वित्तीय और फामेर्सी विभाग तृतीय रहा। प्रतियोगिता की महिला सदस्य और छात्राओं के बीच टग ऑफ वार में छात्राओं ने बाजी मारी। पुरुष स्टाफ सदस्यों के मध्य वॉलीवाल का मैच हुआ। अंत में मुख्य अतिथि प्रिंसिपल महोदया ने छात्राओं को पुरूस्कृत किया।

## न्यूज फ्लैश

### सट्टेबाजी करते हुए काबू, मौके से 5720 रुपये बरामद

**सोनीपत: शहर थाना सोनीपत** पुलिस ने सट्टेबाजी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित योगेश निवासी गढ़ी घसीटा का है। जांच अधिकारी सुमेर ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान ऑटो स्टैंड ककरोई रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान ताश पत्ती के जरिए सट्टेबाजी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### हरियाणा के निजी अस्पताल अब चिरायु-आयुष्मान कार्ड पर नहीं करेंगे इलाज

**चंडीगढ़। हरियाणा के निजी** अस्पतालों में शनिवार से चिरायु-आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज अब नहीं होगा। सरकार पर करीब तीन करोड़ रुपये बकाया होने के चलते इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हरियाणा (आईएमए) ने यह फैसला लिया है। इससे पहले आईएमए ने गुरुवार को एक पत्र जारी कर राज्य सरकार को 24 घंटे का समय दिया था। एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को दोबारा आयुष्मान भारत के सीईओ को पत्र लिखकर बकाया 300 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मांग की है। प्रदेश में अब तक 10 लाख लोग चिरायु कार्ड के जरिये आरोग्य हो चुके हैं। सरकार की ओर से सरकारी व निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का प्रावधान किया गया है। अब तक कुल 1 करोड़ 3 लाख से अधिक आयुष्मान-चिरायु कार्ड बनाये जा चुके हैं, इसमें 74 लाख 33 हजार 548 चिरायु कार्ड तथा 28 लाख 89 हजार आयुष्मान कार्ड शामिल हैं। आयुष्मान-चिरायु हरियाणा योजना के तहत प्रदेश में लगभग 9 लाख मरीजों के इलाज के लिए 1130 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम दिए जा चुके हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हरियाणा की ओर से लिखे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि 16 मार्च शनिवार से सभी निजी अस्पताल आयुष्मान और चिरायु कार्ड की सेवाएं बंद कर रहे हैं। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अजय महाजन ने आयुष्मान भारत सीईओ को लिखे पत्र में बताया कि इससे पहले 29 फरवरी को पत्र लिखकर समस्या अवगत कराई गई थी, लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इससे आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में रोष है। एसोसिएशन की ओर से 30 मार्च तक स्थिति की समीक्षा की जाएगी। उसके बाद आगामी कार्रवाई होगी। प्रदेशभर में 556 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है, इसमें सरकारी व निजी अस्पताल शामिल हैं। चिरायु-आयुष्मान भारत योजना का लाभ उन परिवारों को मिल रहा है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। प्रदेश के वित वर्ष 2024-25 में इसका विस्तार किया गया है अब चिरायु-आयुष्मान भारत योजना का लाभ उन परिवारों तक बढ़ाया गया है जिनकी वार्षिक आय 3 लाख से 6 लाख रुपये है। वे लोग 4000 रुपये के वार्षिक योगदान का भुगतान करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा 6 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वर्ग वाले लोग भी 5000 रुपये के वार्षिक योगदान का भुगतान करके इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### इस शनिवार कलर्स सिनेप्लेक्स और जियो सिनेमा पर एक साथ होगा हनुमान का प्रीमियर

**कलर्स** सिनेप्लेक्स ने अत्यधिक प्रशंसित और सुपरहिट फिल्म 'हनुमान, ब्रह्माण्ड का पहला सुपरहीरो' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर की घोषणा की है। भारतीय मनोरंजन उद्योग में पहली बार, हनुमान कलर्स सिनेप्लेक्स और जियोसिनेमा पर एक साथ 16 मार्च, 2024 को रात 8 बजे प्रसारित होगी । अंजनाद्री के काल्पनिक गाँव में हनुमंथु को भगवान हनुमान की शक्तियाँ मिलती हैं, ताकि वह अपने गाँव वालो की रक्षा कर सके। तेजा सज्जा ने इस फिल्म में मुख्य नायक का किरदार निभाया है, जो एक रहस्यमय मणि का सामना करने के बाद खलनायक माइकल का सामना करता है। प्रशांत वर्मा द्वारा निर्देशित, तेलुगु भाषा की इस हनुमान फिल्म में अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार और समुथिरकानी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के बारे में बात करते हुए, मुख्य अभिनेता तेजा सज्जा ने कहा, "मैं अपनी फिल्म, हनुमान के लिए मैं अपनी फिल्म हनुमान के प्रीमियर की खबर सुनकर बहुत खुश हूँ। यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है, और मेरा मानना है कि एक साथ कलर्स सिनेप्लेक्स और जियोसिनेमा पर प्रीमियर बड़े दर्शकों, खासकर युवाओं तक पहुँचने का एक उपयुक्त तरीका है। मुझे यकीन है कि हमारी इस फिल्म के द्वारा बच्चे भगवान हनुमान की शक्ति को और अधिक सरल व मनोरंजक तरीके से समझ पाएँगे। मुझे यह जानकर बहुत संतुष्टि मिलती है कि यह फिल्म और मैं वर्तमान पीढ़ियों के बीच हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सराहना में योगदान दे रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हर कोई हमारे इस 'ब्रह्मांड के पहले सुपरहीरो' की ताल पर झूम उठेगा।"

# महाराजा अरुट चौक के निर्माण का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नगर निगम** मेयर निखिल मदान ने शुक्रवार को शहर के सेक्टर 14- 15 डिवाइडिंग रोड पर नगर निगम द्वारा बनाए जाने वाले महाराजा अरुट चौक के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मेयर निखिल मदान ने गुरुदत्त खुशदिल और अर्जुन देव खेत्रपाल के साथ मिलकर नारियल तोड़ा और कार्य का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय पंजाबी महासभा की पूरी कार्यकारिणी, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति,गढ़ी घसीटा सुधार मंच,तहसील कोट अदू बिरादरी,गीता पार्क 8 मारला वेलफेयर एसोसिएशन ,मॉडल टाउन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के



सदस्य मौजूद रहे ।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि कुछ समय पहले राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सदस्यों ने उन्हें शहर में महाराजा अरूट जी के नाम से चौक बनाने का ज्ञापन सौंपा था।
इस प्रस्ताव को नगर निगम हाउस की बैठक में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया था। अब महाराजा अरूट चौक के लिए सेक्टर 14- 15 डिवाइडिंग रोड पर पुलिस थाना सेक्टर 27 और मुक्ति धाम के सामने बने पार्क के साथ लगती जगह को चिन्हित किया गया है। 20 लाख 82 हजार ? की लागत से बनने वाले चौक के निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है । आज कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है आगामी दो दिनों में कार्य को शुरू कर दिया जाएगा ।इस चौक पर धौलपुर पत्थर से गुंबदनुमा आकृति बनायी जाएगी ,साथ ही कई सीढ़ियाँ बनाकर ऊपर महाराजा अरूट महाराज की प्रतिमा लगायी जाएगी। यह प्रतिमा मेयर निखिल मदान द्वारा निजी कौष से लगाई जाएगी। इसके साथ साथ आकर्षक फव्वारा और रोशनी के लिए लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। साथ ही पूरे चौक को रंग रोगन से सुसज्जित कर चौक को सेल्फी पॉइंट के रूप में विकसित किया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने कहा कि महापुरुष सभी जातियों के होते है।

# सीएम फ्लाइंग का राशन डिपो पर छापा, कम मिला बाजरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः सीएम फ्लाइंग की** टीम ने महाबीर कॉलोनी में राशन डिपो पर छापा मारकर वहां पर गड़बड़ी पकड़ी है। छानबीन में 9.36 क्विंटल बाजरा खुर्द-बुर्द किया जाना पाया गया। बताया जा रहा है कि सीएम फ्लाइंग को महाबीर कॉलोनी के राशन डिपो पर गड़बड़ी की शिकायतें मिली थी। शिकायतों के बाद शुक्रवार को एसआई रामफल व एएसआई अनिल कुमार की संयुक्त टीम बनाकर महाबीर कॉलोनी में दीपक कुमार के राशन डिपो पर छापा मारा गया। सीएम फ्लाइंग ने जब जांच पड़ताल की तो आनलाइन पीओएस मशीन के स्टॉक के अनुसार 68.86 क्विंटल बाजरा होना चाहिए था लेकिन डिपो में बाजरा 59.50 क्विंटल पाया गया। ऐसे में सीएम फ्लाइंग ने पाया कि मौके पर 9.36 क्विंटल बाजरा कम है।

छानबीन में सामने आया कि उक्त डिपो धारक के साथ अन्य डिपोधारक अशोक कुमार की सप्लाई भी अटैच है। ऐसे में डिपो धारक दीपक कुमार ने 9.36 क्विंटल बाजरा खुर्द-बुर्द किया हुआ पाया गया। छानबीन के बार सीएम फ्लाइंग ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी वहीं संबंधित विभाग को अवगत करवाने के साथ एचटीएम थाना में भी उक्त डिपो धारक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज करने बारे शिकायत दी।

# केंद्रीय मंत्री ने इंडियन ऑयल के इथेनॉल 100, एक क्रांतिकारी ऑटोमोटिव ईंधन को लॉन्च किया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः हरदीप सिंह** पुरी, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने आज इंडियनऑयल रिटेल आउटलेट मेसर्स इरविन रोड सर्विस स्टेशन, नई दिल्ली में एक क्रांतिकारी ऑटोमोटिव ईंधन 'इथेनॉल 100' लॉन्च किया। ग्राहक पांच राज्यों - महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली और तमिलनाडु में इंडियनऑयल के चुनिंदा 183 रिटेल आउटलेट्स पर इथेनॉल 100 का लाभ उठा सकते हैं। पंकज जैन, सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; श्रीकांत माधव वैद्य, अध्यक्ष, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों,



इंडियनऑयल के कार्यात्मक निदेशकों ने भी लॉन्च समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इथेनॉल 100 का शुभारंभ भारत के माननीय प्रधानमंत्री के अन्नदाता को ऊजार्दाता में बदलने के दृष्टिकोण से प्रेरित था। यह आयात निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रधानमंत्री द्वारा 2023 में ए20 (20% इथेनॉल मिश्रित ईंधन) पर घोषणा के बाद से, ए20 की उपलब्धता एक वर्ष से कम समय में 12,000 आउटलेट तक बढ़ गई है, और अब, इंडियनऑयल के 183 आउटलेट्स पर इथेनॉल 100 की शुरूआत के साथ, हम 2025-26 तक 20% इथेनॉल सम्मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान, इथेनॉल मिश्रण की इन पहलों ने किसानों की आय में वृद्धि की है, ग्रामीण रोजगार में वृद्धि हुई है, 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर कार्बन डाइयाक्सिड (उड2) उत्सर्जन कम हुआ है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। सभा को संबोधित करते हुए, इंडियनऑयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत दुनिया के कुछ देशों में से एक है जिसके पास इथेनॉल 100 फ्यूल है। उन्होंने कहा, "यह स्थिरता और स्वच्छ गतिशीलता की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है"। आज हम इथेनॉल की प्रचुर उपलब्धता का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। इथेनॉल 100 गैसोलीन के लिए एक स्वच्छ, हरियाली विकल्प के रूप में उभरा है, ग्रीनहाउस गैसों और प्रदूषकों के कम उत्सर्जन का दावा करता है, इस प्रकार जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और हमारे समुदायों में वायु गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायता करता है। इसकी उच्च-ऑक्टेन रेटिंग के साथ, आमतौर पर 100-105 के बीच, इथेनॉल 100 उच्च-प्रदर्शन इंजनों के लिए आदर्श साबित होता है, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए बेहतर दक्षता और बिजली उत्पादन सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, ईंधन की बहुमुखी प्रतिभा है, क्योंकि इसकी व्यावहारिकता और क्षमता को प्रदर्शित करते हुए सही बुनियादी ढांचे के साथ मुख्यधारा के ईंधन विकल्प बनने के लिए इसका उपयोग वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला में किया जा सकता है, जिसमें फ्लेक्स-ईंधन वाहन (एफएफवी) शामिल हैं, जो गैसोलीन, इथेनॉल, या दोनों के किसी भी मिश्रण पर चलने के लिए डिजाइन किए गए हैं ।

# लक्ष्य के साथ काम करें कार्यकर्ता: दीपक शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूलाः भाजपा जिला अध्यक्ष** दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 से अधिक मत डलवाने के लक्ष्य के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकताओं के दम पर ही प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का सपना साकार होगा। श्री शर्मा शुक्रवार को रायपुररानी मंडल के गांव मानकटबरा, टपरियाँ और छोटा तिरलोकपुर में लोकसभा चुनाव में बूथ और शक्ति केंद्र प्रमुखों की भागीदारी पर आयोजित बैठकों को संबोधित करने पहुंचे। दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के लिए चुनाव उत्सव



की तरह होता है। भाजपा ज़िलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि बूथ प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ लोकसभा चुनाव के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश का पालन करते हुए हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक मत भाजपा प्रत्याशी के हक में डलवाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 पार और एनडीए 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही है। हमें इस लक्ष्य को सफल बनाना है।
दीपक शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने अगले 23 साल का जो विजन देश के सामने रखा है, वह निश्चित तौर पर देश को आगे ले जाने वाला है। पार्टी व संगठन की मजबूती के लिए बूथ शक्ति केंद्र प्रमुखों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाजपा एकमात्र पार्टी है, जो संगठनात्मक के रूप से काम करते हुए ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। ज़िलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताघर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और मोदी तथा नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों को बताएं।

# लोन देने के नाम पर लाखों की ठगी में दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः साइबर थाना पुलिस** ने एक्स्ट्रा लोन दिलाकर 9 लाख 44 हजार 102 रुपए की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सिरसा की परमार्थ कॉलोनी निवासी राम कुमार और सिरसा के शाहपुर बेगू निवासी रीतू शामिल हैं। जांच अधिकारी पवन कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में हिसार निवासी एक अध्यापक ने 9 लाख 44 हजार 102 रुपए की ठगी के बारे में शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि मार्च 2023 में उसके पास सोनिया संधू नामक महिला का फोन आया और उसने लोन की आवश्यकता के बारे पूछा। इस पर शिकायतकर्ता ने साढ़े 5 लाख रुपए के लोन की जरूरत बताई। सोनिया संधू ने शिकायतकर्ता की सैलेरी स्लिप ली और उसका लोन अप्लाई करवा दिया। 30 मार्च को शिकायतकर्ता के बैंक अकाउंट में लोन के 14 लाख 94 हजार 101 रुपए डाल दिए। इस पर शिकायतकर्ता ने महिला को फोन कर कहा कि उसे तो सिर्फ साढ़े पांच लाख रुपए ही लोन चाहिए था। इस पर महिला ने कहा कि विकास जांगड़ा नाम का एक व्यक्ति आपके पास आएगा और आप अमाउंट भरकर दो चेक पर सिग्नेचर कर उसे दे देना।

# सेवानिवृत्ति से पहले लंबी छुट्टी पर गए हरियाणा के मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः हरियाणा के मुख्य सचिव** संजीव कौशल अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले अवकाश पर चले गए हैं। सरकार ने उनकी लंबी छुट्टी को स्वीकार करते हुए गृह सचिव टीवीएसएन प्रसाद को मुख्य सचिव का कार्यभार सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार कौशल अब सेवानिवृत्ति के बाद ही लौटेंगे। संजीव कौशल के स्थान पर अब सरकार 1988 बैच के आईएएस टीवीएसएन प्रसाद हरियाणा के मुख्य सचिव होंगे। प्रसाद इस समय हरियाणा के गृह सचिव हैं। सरकार ने उन्हें वर्तमान प्रभार के साथ-साथ गृह सचिव का प्रभार भी सौंप दिया है। इस बीच सेवानिवृत्त आईएएस पीके दास ने भी आज बिजली निगमों के चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया है। दास 1986 बैच के पूर्व आईएएस हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद मनोहर सरकार ने उन्हें बिजली निगमों के चेयरमैन पद पर तैनात किया गया था। जहां से आज उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया। हरियाणा में आज दिनभर कार्यभार बदलाव का दौर चला है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के ओएसडी रहे कमलेश कुमार भादू को भी इस पद से मुक्त कर दिया गया। वर्ष 2002 बैच के एचसीएस अधिकारी भादू को अब सरकार ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में जोन स्तर पर मीडिया को-आर्डिनेटर नियुक्त किए थे। अब मुख्यमंत्री के बदलते ही मीडिया को-आर्डिनेटर को रिलीव कर दिया गया है। शुक्रवार को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वी उमाशंकर की ओर जारी आदेशों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरफ से करनाल में कार्यरत मीडिया को-आर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पानीपत के मीडिया को-आर्डिनेटर रणदीप घनघस और रोहतक के मीडिया को-आर्डिनेटर राजकुमार कपूर को पद मुक्त कर दिया गया।

# चार वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़, दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः जिले के नारनौंद** क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने वाले लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति पर केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति पर लगभग एक साल पहले भी बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप लगा था, लेकिन इस मामले को पंचायती स्तर पर निपटा दिया गया था। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करता है। गुरुवार को अपने पड़ोस के गांव में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। उसके पास पड़ोस की रहने वाली एक महिला ने फोन कर बताया कि उसकी चार वर्षीय बेटी के साथ कुछ गलत हुआ है। सूचना के बाद वह अपने घर पहुंचा और बेटी से पूछा तो बच्ची ने पूरी घटना उसको बताई कि आरोपी उसको गांव की धर्मशाला में ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए गलत हरकत की। इसके बाद पीड़ित बच्ची के पिता ने नारनौंद पुलिस थाने में पहुंच कर शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। नारनौंद थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः पलवल के** नया गांव फजलपुर में घर में घुसकर दो दर्जन से अधिक पर एक परिवार पर हथियारों से जानलेवा हमला कर लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। शुंक्रवार को कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार नया गांव फजलपुर गांव निवासी शिव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ घर में



सोया हुआ था। गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे पड़ोसियों ने उनके घर में घुसकर उसके परिवार पर हमला कर दिया। पड़ोस में रहने वाले वाले अनिल, सूरज, करण व अर्जुन सहित 10-12 अन्य लोग हाथों में लाठी-डंडे, चाकू व तलवार सहित अन्य हथियार लेकर आए थे। आरोपियों में उसके परिवार के शिव कुमार उर्फ मुरारी, मुस्कान, बत्ती व अंजू को चोटें आई है।

# मंडी में जाम की समस्या का उचित समाधान निकाले प्रशासन: भरेजा

## आजादपुर मंडी में आवारा पशुओं के मालिकों पर कार्यवाही करें प्रशासन: पंकज भरेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: एशिया की** सबसे बड़ी आजादपुर फल व सब्जी मंडी में अतिक्रमण होने की वजह से जगह-जगह जाम की समस्याएं होती हैं, जिसको लेकर प्रशासन सुस्त दिखाई पड़ रहा है। आजादपुर मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादपुर मंडी प्रशासन को जाम की समस्या का उचित हल निकालना चाहिए, जिससे कि यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में लोगों को परेशानी से दो-चार न होना पड़े।

श्री भरेजा ने यह भी कहा कि मंडी प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाए गए हैं



लेकिन अभियान चलाने के अगले दिन फिर अतिक्रमण की समस्या दिखाई देने लगती है, जिसकी वजह से जगह-जगह जाम होना आम बात हो जाती है। पंकज भरेजा ने आजादपुर मंडी प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि प्रशासन को जाम की समस्या का कोई उचित हल निकालना चाहिए जिससे कि यहां पर आने वाले लोगों को परेशान ना होना पड़े। पंकज भरेजा ने यह भी कहा कि आजादपुर मंडी के अंदर जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है उसको लेकर भी



मंडी प्रशासन गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है, प्रशासन को समय-समय पर आजादपुर मंडी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाना चाहिए जिससे की आजादपुर मंडी स्वच्छ और सुंदर नजर आए। उन्होंने आगे बताया कि आजादपुर मंडी के अंदर आवारा पशुओं का जमावड़ा देखा जा सकता है, यह आवारा पशु जिन लोगों के हैं उन पर प्रशासन के द्वारा सख्त कारवाई करनी चाहिए जिससे कि आजादपुर मंडी में आवारा पशुओं का जो जमघट लगा हुआ है उससे निजात मिल सके।

पंकज भरेजा ने आगे कहा कि उपरोक्त जो भी समस्याएं हैं उसे पर मंडी प्रशासन को गंभीरता से सोचते हुए समस्या को हल निकालना चाहिए।

जिससे की आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों को इन समस्याओं से दो-चार ना होना पड़े।

# मेट्रो द्वारा तेलीवाड़ा चौक पर दुकानों के सामने बिजली ट्रांसफर लगाने पर व्यापारियों में रोष: पम्मा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सदर बाजार** मेट्रो आने से व्यापारियों में जहां पर खुशी है वहीं पर कुछ कार्यों को लेकर व्यापारियों में दहशत बनती जा रही है।

इसी का उदाहरण देखने को मिला तेलीवाड़ा चौक पर मेट्रो द्वारा कई बिल्डिंगों के सामने बिजली ट्रांसफर लगाने को लेकर व्यापारियों में बहुत डर सा पैदा हो गया है। इसको लेकर तेलीवाड़ा के सभी व्यापारिक फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें फेडरेशन के संरक्षक प्रकाश महेंद्रु, उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, महासचिव राजेंद्र शर्मा, कमल कुमार सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

# मॉडल टाउन: भाजपा विकास के नाम पर करती है नौटंकी: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट्स अजय गुप्ता ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा है कि सरकार के सत्ता में रहते लगभग दस वर्ष हो गए है, पर उसके कार्यकाल में देश में विकास के नाम पर एक भी ईंट तक नहीं रखी गई है।

**कांग्रेस का काम और खुद का नाम:** भाजपा सरकार ने पूर्व में कांग्रेस की सरकार के विकास कार्यों को ही अपना बताकर उनका



नाम बदलने और लिखवाने के अलावा और कुछ भी नहीं किया है। भाजपा के अब तक के रिपोर्ट कार्ड में केवल भाजपा के नेताओं के बखानों की प्रतिमाएं खड़ी करने का ही काम हुआ है।

**ब्यानबाजी से नहीं होता समस्या का समाधान:** वहीं गुप्ता ने यह भी कहा कि भाजपा राज में सर्वाधिक पीड़ित देश का किसान है, क्योंकि उसे हर तरह से छला जा रहा है। हर एक प्रकार से देश की जनता परेशान है, लेकिन सरकार केवल बयानबाजी से ही समस्याओं का समाधान कर देने की नौटंकी कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी पुरानी आदत के अनुसार नए-नए वादे और नए-नए निर्देश जारी हो रहे हैं।

# नरेला: 17 मार्च को निकलेगी विशाल खाटू श्याम निशान यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा दसवी मासिक विशाल निशान पदयात्रा 17 मार्च को निकाली जाएगी। मासिक निशान यात्रा की जानकारी श्री श्याम मित्र मंडल के संस्थापक अनिल गर्ग, सुनील जिंदल, राजीव बंसल ने नरेला में आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मासिक खाटू श्याम निशान पदयात्रा का आयोजन हर महीने किया जाता है। फाल्गुन माह श्याम भक्ति में विशेष महत्व रखता है। इस फाल्गुन माह में 17 तारीख को रविवार के दिन नरेला क्षेत्र को श्याममय करने की तैयारी श्याम





भक्तों ने की है। फाल्गुन माह में आयोजित हो रही 10वीं विशाल पदयात्रा का महत्व विशेष हो जाता है, क्योंकि फाल्गुन माह में राजस्थान के खाटू में कलयुग के भगवान बाबा श्याम का विशाल मेला लगता है। जिसमें देश-विदेश के लाखों भक्त शामिल होते हैं। बहुत से भक्त समयाभाव के कारण खाटू धाम नहीं जा पाते ऐसे भक्तों को इस निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम की भक्ति का सौभाग्य प्राप्त होगा। दसवीं निशान पदयात्रा17 मार्च रविवार को सुबह 5 बजे नरेला के झंडा चौक स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर मैन बाजार से शुरू होकर विजय चौक, पाना पापोसिया, रामलीला ग्राउंड, हरिशचंद्र हॉस्पिटल रोड, जीटी रोड होते हुए अलीपुर के खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में संपन्न होगी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्याम भक्त अपने हाथों में निशान लेकर बाबा श्याम का जयकारा लगाते हुए चलेंगे। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# 'क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर दिया जा रहा ध्यान'





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भलस्वा वार्ड** के निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा मेट्रो अर्पाटमेंट और भलस्वा गांव के नालों की समस्या को देखते हुए विक्टर छोटी मशीन से मेट्रो अपार्टमेंट के बाहर नाले और भलस्वा गांव के नाले की सफाई करवाई गई।

इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# शिवाजी कॉलेज का वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम संपन्न





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शिवाजी** कॉलेज का वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम पूरे, हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित और जाने माने क्रिकेट कोच डॉ. संजय भारद्वाज आमंत्रित थे। साथ ही शिवाजी कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज तथा कार्यक्रम के संयोजक तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी गौरव गोयल मंच पर मौजूद रहे। दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। एन.सी.सी, एन.एस.एस के विद्यार्थियों ने सलामी देते हुए मार्च किया। इस अवसर पर दिल्ली होमगार्ड के बैंड की भी प्रस्तुति हुई। कॉलेज के विभिन्न खेलों क्रिकेट, वालीबाल, बास्केटबाल, शतरंज की टीम ने सलामी मंच को सलामी दी। सबसे पहले खेल भावना के निमित्त खेल में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को शपथ दिलाई गई। प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए जीवन में खेलों के महत्व को बताया।

# गुरुद्वारा मोती नगर ने मनाया दिल्ली फतेह दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, मोती नगर द्वारा दिल्ली फतेह दिवस मनाया गया, जो कि 15 मार्च 1783 को सिख जरनैलों द्वारा की गई दिल्ली फतेह को समर्पित था। इस अवसर पर आयोजित विशेष गुरमति समागम के दौरान बीबी पुष्पिंदर कौर खालसा के ढाडी जत्थे ने ढाडी वारें गाकर लोगों के सामने दिल्ली फतेह दिवस का इतिहास पेश किया। इसके साथ ही भाई वाहेगुरु सिंह के कीर्तनी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन गायन किया। गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष रविंदर सिंह बिट्टू और महासचिव राजा सिंह ने कार्यक्रम में सेवाएं देने वाली सभी शख्सियतों को सम्मानित करते हुए लोगों को नए



नानकशाही वर्ष की शुरूआत की बधाई दी। भाई बीबा सिंह खालसा स्कूल के मैनेजर डॉ. परमिंदर पाल सिंह ने मंच सचिव की भूमिका निभाते हुए श्रद्धालुओं को दिल्ली फतेह दिवस के इतिहास के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ. परमिंदर पाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की संगत सदैव बाबा बघेल सिंह की ऋणी रहेगी। क्योंकि बाबा बघेल सिंह और उनके साथी सेनापतियों बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया, बाबा महा सिंह शुकरचक्किया और बाबा तारा सिंह घेबा ने दिल्ली पर फतेह प्राप्त करके लाल किले पर केसरी निशान फहराया था।

# 'कमेटी केन्द्र सरकार के इस कार्यक्रम के तहत हर संभव सहयोग प्रदान करेगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भारत सरकार द्वारा 10 हजार बच्चों को कौशल पाठ्यक्रम करवाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में यह निर्णय हुआ है तथा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से इसका कोई लेना देना नहीं है। सरकारी कार्यक्रम के तहत 10 हजार सिख बच्चों को कौशल शिक्षा प्रदान की जाएगी। वह आभारी हैं कि भारत सरकार ने इस




कार्य के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी को चुना है, प्रधानमंत्री के साथ-साथ राष्ट्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी के भी आभारी हैं, जिनकी बदौलत इस फैसले से हमारे बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा मिल सकेगी, हम सब गुरुमुखी के प्रचार की बात करते हैं लेकिन इसे और अधिक बढ़ाया जा सकेगा।

भारत सरकार ने विशेष पैकेज की घोषणा करते हुए दिल्ली कमेटी के माध्यम से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को विशेष पैकेज देने की बात कही व गुरुमुखी लिपि के केंद्र खोलने की बात की। उन्होंने कहा कि हम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर-के गुरुमुखी लिपि का प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 हजार बच्चों को कौशल शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी जितनी सराहना की जाये कम है। जब इन युवाओं को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण मिलेगा तो युवा स्वरोजगार की ओर आकर्षित होंगे, जिससे सिख समुदाय को बड़ी राहत मिलेगी। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि जो बच्चे शिक्षा के लिए नहीं जाते हैं, खासकर सिकलीगर भाई, जिनके बच्चों की शिक्षा में रुचि कम है, लेकिन प्रोफेशनली वे टॉप पर हैं। निकट भविष्य में दिल्ली कमेटी द्वारा प्लेसमेंट के लिए ऐप लॉन्च किया जाएगा जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा। कि अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो। 48 घंटे में प्रस्ताव पारित हो गया, जिसके लिए वह भारत सरकार के आभारी हैं।

साथ ही हम उनके विभाग के सभी स्तर के अधिकारियों व विश्वविद्यालय के अधिकारियों के आभारी हैं।

# त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में उज्जवला योजना के तहत वितरित किए गैस-सिलेंडर









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 में पूर्व निगम पार्षद मंजू संजय शर्मा के कार्यलय में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस-चुल्हें व सिलेंडर बांटे गए। इस दौरान क्षेत्र की सैंकडों की तादात में महिलाओं को मुफ्त में गैस चुल्हें व सिलेंडर वितरित किए गए। जिसके बाद महिलाओं ने पीएम मोदी की इस उज्जवला योजना की पहल की सराहना करते हुए आभार भी व्यक्त किया।

**कई गणमान्य रहें उपस्थित:** कार्यक्रम के दौरान पूर्व निगम पार्षद मंजू शर्मा, भाजपा नेता संजय शर्मा, पुनम गुप्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता,राकेश प्रजापति चेयरमैन उज्जवला योजना दिल्ली प्रदेश, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भगवान गुप्ता, सुनील जैन, छब्बील दास गर्ग, भाजपा नेता रजनीश शर्मा, भाजपा नेता अनुप पवार, ईश्वर आज़ाद, राम अवतार शर्मा बुथ अध्यक्ष राजेंद्र, महेंद्र पॉल सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

**वीडियों कॉल पर खंडेलवाल ने किया संबोधित:** इस मौके पर भाजपा नेता संजय शर्मा ने कहा कि हमारे कार्यक्रम में प्रवीण खंडेलवाल को महिलाओं को सिलेंडर वितरण के लिए आना था लेकिन पैर फ्रेक्कर होनें की वजह से नहीं आए और हम सभी को वीडियों कॉल पर संबोधित किया। इसी के साथ ही शर्मा ने कहा कि इस बार भी दिल्ली की सातों सीटों पर कमल ही खिलेगा और चांदनी चौक लोकसभा में से हमारे क्षेत्र में सबसे ज्यादा वोटों से जीत दर्ज करवाऐंगे, जिसके लिए हमारे कार्यकर्ता जी जान से मेहनत कर रहें है।

# सीएम ने 5.39 एकड़ भूमि पर बनने वाले संत शिरोमणि गुरू रविदास स्मारक का किया शिल्यान्यास

### मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में उमरी रोड़, मनोहर लाल द्वारा लागू की गई नीति व योजनाएं देश में घर-घर पहुंचेगी

**दीपिका शर्मा**

**चंडीगढः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में आज उमरी रोड़, कुरूक्षेत्र में 5.39 एकड भूमि पर बनने वाले संत शिरोमणि गुरू रविदास स्मारक का शिल्यान्यास किया। इस स्मारक का निर्माण कार्य लगभग 25 करोड रुपए की लागत से संपन्न किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत शिरोमणि गुरू रविदास स्मारक के भूमि पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में गुरू रविदास जी के विशाल भव्य मंदिर का शिल्यान्यास किया था। इस भव्य स्वरूप को बनते हुए देखकर उनके मन में इसी प्रकार हरियाणा प्रदेश में भी गुरू रविदास के स्मारक के निर्माण का विचार आया ताकि संतो की प्रेरणा नई पीढी को मिलती रहे। इसके लिए मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कुरूक्षेत्र में 5 एकड भूमि में गुरू रविदास जी के भवन निर्माण की घोषणा की थी और आज इसके निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा इसका निर्माण करवाया जाएगा।गुरू रविदास को नमन करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने प्रदेश के गरीबों, युवाओं, नारी शक्ति और किसान उत्थान की दिशा में पहल करते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह इन योजनाओं को लगातार आगे बढाने का कार्य करेगें। उन्होंने नागरिकों से निवेदन करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में हरियाणा की इस प्रगति में योगदान देते हुए भाजपा को मजबूत करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की भूमि पर संत शिरोमणि गुरू रविदास जी का भव्य भवन बनाने का विचार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ही था जो आज मूर्तरूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मनोहर लाल द्वारा लागू की गई नीति व योजनाएं, जिनका लाभ आज हरियाणा में नागरिकों को मिल रहा है, वे देश में घर-घर पहुंचेगी। सतगुरु रविदास जी महाराज के श्लोक ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सब को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे रैदास रहे प्रसन्न का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि उनकी वाणी को चरितार्थ करने का काम पिछले साढे 9 वर्षों में मनोहर लाल ने किया। मनोहर लाल के कार्यकाल में गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। उन्होंने पिछले साढे 9 सालों में ऐसी योजनाएं बनाई जिसके फलस्वरूप 12 लाख से अधिक गरीब परिवार गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।



**सतगुरू**

8 मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को बढाएगें आगे : मनोहर लाल

# 'आचार संहिता से पहले किसानों को फसल खराबे का मुआवजा जारी करें सरकार'

**काजल रानी**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मौजूदा प्रदेश सरकार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगने वाली आचार संहिता से पहले-पहले बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसल खराबे का मुआवजा किसानों को देकर राहत पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम तक सभी जिलों से गिरदावरी संबंधित रिपोर्ट आ जाएगी, इसलिए नए मुख्यमंत्री 20 घंटे में सभी पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि वितरित करें, क्योंकि अगर इसमें देरी होती है तो चुनाव प्रक्रिया के चलते किसानों को ढाई महीने का इंतजार करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने पूर्व गठबंधन सरकार की बड़ी विकास परियोजनाओं को भी गति के साथ पूरा करवाने का आग्रह हरियाणा सरकार से किया। शुक्रवार को दुष्यंत चौटाला यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर लोकसभा चुनाव को लेकर अंबाला और कुरुक्षेत्र लोकसभा के जेजेपी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और उनकी राय जानी।



वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी लोकसभा क्षेत्र अनुसार पार्टी कार्यकताओं के मंथन कर रही है। उन्होंने कहा कि जेजेपी लोकसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शानुसार उतरेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कार्यकताओं में पहला जैसा ही जोश और उत्साह है इसलिए पहले से ज्यादा की ताकत के साथ जेजेपी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने निरंतर अपना वोट बैंक मजबूत किया है इसलिए लोकसभा चुनाव में भी सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों पर जेजेपी फोकस कर रही हैं और जेजेपी अपने कैडर की मजबूती पर बल देगी। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन सरकार में बतौर उपमुख्यमंत्री उनका अनुभव बहुत अच्छा रहा हैं और प्रदेश के हित में हमने काम किया है।

उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर लाल से हुई मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लाभ-हानि का फैसला जनता तय करती है, हम नहीं।

# कर्मचारियों/पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स के महंगाई भत्ते की दर में की बढ़ोतरी



**टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा सरकार ने राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों /पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स के महंगाई भत्ते की दर में बढ़ोतरी करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह 46 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक बढ़ी हुई दर 1 जनवरी 2024 से लागू होगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मार्च 2024 माह के वेतन के साथ अप्रैल 2024 में ही मिलना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही, जनवरी और फरवरी 2024 माह का एरियर मई 2024 में मिलेगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि राज्य सरकार ने अपने पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स को भी 1 जनवरी 2024 से ही महँगाई राहत देने के आदेश जारी किये हैं। इनको भी महंगाई राहत का भुगतान मार्च 2024 माह के वेतन के साथ अप्रैल 2024 में और जनवरी और फरवरी 2024 माह का एरियर मई 2024 में मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मानवीय मूल्यों का समावेश करना भारतीय विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी : डॉ0 कैलाश चन्द्र शर्मा

**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष डॉ0 कैलाश चन्द्र शर्मा ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के इंटरनल क्वालिटी एश्योरन्स सेल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा के माध्यम से युवाओं की एनर्जी को चैनेलाइज किया जाता है। विद्यार्थियों को रोजगार के लायक बनाने के साथ-साथ उनके अंदर मानवीय मूल्यों का समावेश करना भी भारतीय विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी का हिस्सा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी इन्हीं मूल्यों को दशार्ती है। विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा पर और अधिक ध्यान देना होगा। वास्तविक शिक्षा कक्षा तक सिमित नहीं, यह काफी हद तक बाहरी वातावरण तथा व्यवहारिक शिक्षा पर भी आधारित है। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए डॉ0 शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए आदर्श होता है और उसकी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एनईपी के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि यह एनईपी का विषय फाउंडेशन स्टेज से लेकर पी जी स्टेज तक का विषय है जिसे कि चरणबद्ध तरीके से हासिल किया जाएगा। इसे लागू करने में सभी स्टेक होल्डर्स को मिलजुल कर कार्य करना होगा। इस प्रकार 2047 तक विकसित भारत का उद्देश्य प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों व शिक्षकों में रिसर्च एप्टीचयूड का होना अत्यंत आवश्यक है और एक अच्छा शोधार्थी अनुशासन प्रिय होता है। उन्होने अनेक अनुकरणीय उदाहरणों के साथ शोधार्थियों व प्राध्यापकों को बेहतर शोध करने के लिए प्रेरित किया। डॉ0 शर्मा ने कहा कि शोधार्थी प्रयास करें कि वे अपने शोध पत्रों का प्रकाशन उच्च कोटि के शोध जर्नलस् में करवाएं। डॉ0 शर्मा ने अध्यापन के क्षेत्र में पेडागोगी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि एनईपी मूल रूप से एक्टिविटी बेस्ड एजुकेशन की बात करती है। एनईपी का विषय स्टूडेंट सेंट्रिक होने के साथ-साथ एक्सपेरेंशल लर्निंग की बात करता है। उन्होंने कहा कि जो शोधार्थी टीचिंग के क्षेत्र में आना चाहते है, उन्हें ताउम्र अध्ययनशील रहना होगा। एक अच्छा शिक्षक अपने विद्यार्थियों में विषय के प्रति रूचि पैदा करने में सक्षम होता है और अपने विषय का विशेषज्ञ होता है।

### मंडियों में व्यापार चलने से ही आती है देश में खुशहाली : डॉ. सुशील गुप्ता

**कुरूक्षेत्र: आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से "इंडिया" गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने जिले की मंडियों का दौरा किया। इससे पहले उन्होंने गुरुद्वारा नीलधारी में मत्था टेका और अरदास की। मंडी में पहुंचने पर व्यापारियों ने मिठाई खिलाकर डॉ. सुशील गुप्ता का स्वागत किया और मंडी में उनके पहुंचने पर खुशी जताई। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा भी मौजूद रहे। इनके साथ विधायक मेवा सिंह, नायब सिंह पटाकमाजरा, हरिकेश सैनी, लाभ सिंह, उपदेश शर्मा, सुभाष चंद, गुरदेव सिंह सूरा, खेम सिंह कोलापुर, गुरचरण सिंह कोलापुर, सोहा लाल चकचनपुर, शमशेर सिंह मलिक, अमरीक सिंह बकाली, अनिल मट्टा, राजबीर सिंह, हरप्रीत सिंह चीमा, मुकेश शर्मा जिला परिषद सदस्य संजीव भूखड़ी, राज मक्कड़, कृष्ण गोयल, सिंगला, रमेश गर्ग, जगतार काजल, दोलत राम बंसल, सुबा सिंह, सरपंच रणबीर, सौरव गर्ग, विनय गुप्ता, मेहर सिंह, शैंकी गर्ग, एमसी सतीश गर्ग, यशपाल शर्मा, शेर सिंह रोर और नरेश मित्तल मौजूद रहे।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 16 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'विकसित जनपद बन रहा सिद्धार्थनगर'

## बुद्ध की धरा को मुख्यमंत्री योगी ने दिया 1885 करोड़ की 551 विकास परियोजनाओं का उपहार

**विकसित**

**आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी में आने वाला यह जिला अब विकसित जनपद के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिद्धार्थनगर/लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार के लगातार प्रयासों से सिद्धार्थनगर जनपद के पिछड़ेपन का दंश मिट गया है। अब तक आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी में आने वाला यह जिला अब विकसित जनपद के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्पना 'विकसित उत्तर प्रदेश' से ही साकार होगी लेकिन विकसित उत्तर प्रदेश तभी होगा, जब सिद्धार्थ नगर विकसित होगा और इसके लिए भाजपा का होना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा होली से पूर्व शुक्रवार को जनपद मुख्यालय पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज के शिलान्यास सहित 1885 करोड़ की 551 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। जनपद के पिछड़ेपन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जिला दशकों से इसीलिए पिछड़ा रहा, क्योंकि न यहां जीवन जीने के लिए बुनियादी सुविधाएं थीं, न ही रोजगार के अवसर। माफिया गरीबों का हक मार जाता था और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिलता ही नहीं था। अपने निजी अनुभव साझा करते हुए उन्होंने इंसेफेलाइटिस से मासूम बच्चों की मौत की चर्चा भी की और कहा कि पिछली सरकारों ने कभी इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया। जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने माफिया और मच्छर दोनों को ही समाप्त कर दिया है।

सिद्धार्थनगर में शिक्षा और स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा सुलभ हुई है। गरीबों को आवास मिल रहा है, 05 लाख तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा मिला है, 05 वर्ष तक मुफ्त राशन की व्यवस्था हुई है।

### लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

**तेतरी-सोहास-लोटन** मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण बांसी-धानी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी 1 से किमी 25 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण डुमरियागंज-चंद्रदीप घाट मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी 1 से किमी 17.10 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण मेंहदावल-रुदौली-डुमरियागंज राजमार्ग संख्या-160 के चैनेज 37.000 से 52.200 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण डुमरियागंज-बांसी मार्ग के औराताल-गौराबाजार मार्ग पर राप्ती नदी सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य मारूखर्गकला के पास बूढ़ी राप्ती नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य सोनपुर बंधे से गजरहवा गांव के मध्य जमुआर नाले पर सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य इटवा एवं कपिलवस्तु नगर पंचायत का भवन डुमरियागंज के तिगोड़वा में राजकीय महाविद्यालय मिश्रौलिया (मिठवल) महादेवा नानकार (शोहरतगढ़) एवं बुद्धिखास (भनवापुर) में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिकहरा ताल ड्रेन

**परियोजनाएं जिनका शिलान्यास हुआ**

जिगनिहवा-चेतिया मार्ग (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण डिड़ई-बेलौहा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण राप्ती नदी के दाएं तट पर स्थित डुमरियागंज-बांसी तटबंध के किमी 0.600 से 32.865 तक का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण बलरामपुर एवं सिद्धार्थनगर में राप्ती मुख्य नहर के किमी 50.000 से किमी।

# लोकसभा चुनाव से पहले अनिल बलूनी की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया**

**पौड़ी :** जिला मुख्यालय पौड़ी में राज्यसभा के सांसद व गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को समर्पित है। उन्होंने कहा पौड़ी में जल्द ही तारामंडल व पर्वतीय संग्रहालय बनकर तैयार होगा। यह दुनिया के खगोल प्रेमियों के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही यह इस क्षेत्र की आर्थिकी व विकास यात्रा का अहम पड़ाव भी साबित होगा। कहा कि पार्टी व पीएम ने जिस विश्वास के साथ मुझे प्रत्याशी घोषित किया है, उस विश्वास के साथ जनता के बीच आया हूं। छोटे से गांव के युवा को राज्यसभा भेजा व लोकसभा का टिकट दिया। यह मेरे लिए गौरव का क्षण है।

**पांचों सीटों पर प्रचंड बहुमत से हासिल करेंगे जीतः** कहा कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा। गढ़वाल सीट के साथ ही प्रदेश की पांचो सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीत हासिल होगी।

**फास्ट न्यूज**

## लोक सेवा आयोग ने 557 संदिग्ध परीक्षार्थियों की सूची प्रशासन को भेजी

**अजमेरः राजस्थान** लोक सेवा आयोग द्वारा अतिरिक्त महानिदेशक- एसओजी सहित समस्त जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से भर्ती परीक्षाओं के दिन भर्ती परीक्षाओं से विवर्जित तथा संदिग्ध अभ्यर्थियों पर सघन निगरानी रखने का आग्रह किया है। आयोग सचिव ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अथवा अन्य भर्ती संस्थाओं द्वारा भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने से विवर्जित, संदिग्ध अभ्यर्थियों की सूची जिलेवार संबंधित जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को भेजी गई है। उक्त सूचियों में सांचोर, बांसवाड़ा, उदयपुर, करौली एवं जालौर जिले से सर्वाधिक अभ्यर्थी हैं। सूची में कुल 557 संदिग्धों के नाम हैं जिनमें अजमेर - 1, अलवर-12, बालोतरा- 8, बांसवाड़ा - 99, बाड़मेर - 16, ब्यावर - 1, भरतपुर - 11, भीलवाडा - 3, बीकानेर - 9, बूंदी - 1, चित्तौड़गढ़ - 6, चुरू - 2, दौसा - 16,डीडवाना कुचामन - 5, धौलपुर - 1, डूंगरपुर - 31, फलौदी - 3,गंगापुर सिटी - 1, हुनमानगढ़ - 1,जयपुर - 12, जयपुर ग्रामीण - 15, जैसलमेर - 1, जालौर -27, झुंझुनू - 5, जोधपुर - 9, जोधपुर ग्रामीण-13, करौली - 28, कोटुपूतली-बहरोड़ - 5, नागौर -6, पाली-1, प्रतापगढ़ - 2,सांचौर -129, सवाई माधोपुर -8,सीकर -5, श्रीगंगानगर -2, टोंक - 3, उदयपुर के 60 संदिग्ध शामिल हैं। आयोग के अनुसार इन अभ्यर्थियों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भर्ती परीक्षाओं की शुचिता को खंडित करने का प्रयास किया जा सकता है। एहतियातन ऐसे व्यक्ति व अभ्यर्थियों से संबंधित जानकारी को इनके क्षेत्र के पुलिस थानों की ग्रामवार संधारित अपराध सूची में दर्ज कर भर्ती परीक्षाओं के दौरान इनकी गतिविधियों पर सघन निगरानी रखने के लिए सूचित किया गया है।

## माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की

**जोधपुरः रहमतों** व बरकतों के महीने रमजान के प्रथम जुमे की नमाज आज मस्जिदों व घरों में अदा की गई। इस अवसर पर शहर की दोनों ईदगाह और मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जुमे की नमाज के खास इंतजाम किए गए। जुमे की नमाज को अदा करने के लिए रोजेदारों ने सुबह जल्दी से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज जालोरी गेट स्थित बड़ी ईदगाह, बम्बा, उदयमंदिर, खेतानाडी, सोजती गेट, तेलियों की मस्जिद, लोहारों की मस्जिद, सिवांची गेट, बकरामंडी और शहर के भीतरी भाग स्थित तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज से पहले पेश इमामों ने बयान में रोजे और नमाज की अहमियत पर जानकारी दी। नमाज में एक ही कतार में अमीर और गरीब सभी अल्लाह के दरबार में एक साथ खड़े दिखाई दिए।

# लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में कांग्रेस को बड़ा झटका



**'आप' के साथ**

**राज कुमार चब्बेवाल का पार्टी से इस्तीफा, आम आदमी पार्टी में हुए शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राज्य के कांग्रेस विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर भी दी है। वहीं चब्बेवाल आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। डॉ. राजकुमार चब्बेवाल होशियारपुर जिले के चब्बेवाल विधानसभा से कांग्रेस के विधायक हैं और अभी पिछले हफ्ते ही उनकी विधानसभा में मुख्यमंत्री के साथ झड़प भी हो गई थी। वह मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेसी विधायकों को सांगली डालकर बांधने वाली टिप्पणी से क्षुब्ध थे और अगले दिन खुद भी सांगली लेकर विधानसभा पहुंचे थे।

**2019 में लड़ा था लोकसभा चुनावः** 54 वर्षीय चब्बेवाल होशियारपुर जिले के चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। अब ऐसी अटकलें हैं कि आम आदमी पार्टी चब्बेवाल को होशियारपुर से ही चुनाव लड़वा सकती है।

इन्होंने अलग से एक पत्र लिखकर कांग्रेस की प्राइमरी सदस्यता से भी नाता तोड़ दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस के प्रधान को भेज दिया है। बता दें अभी तक उन्होंने पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया है। पंजाब के दोआबा क्षेत्र से आने वाले प्रमुख दलित नेता ने कांग्रेस के टिकट पर होशियारपुर से 2019 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा था।

## सोना तस्करी के भारत-म्यांमार सिंडिकेट का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुजफ्फरपुरः दरभंगा** के दिल्ली मोड़ से जब्त 13 किलो से अधिक सोना और गिरफ्तार पैडलर से भारत-म्यांमार सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। गिरफ्तार चार पैडलरों को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) ने गुरुवार को विशेष कोर्ट में पेश किया। इसमें राजस्थान के चुरू जिला के बिदासर थाना के बिदासर गांव के प्रह्लाद सिंह, जयपुर जिला के डूडू थाना के छपरवारा मोहल्ला के करमचंद, गणेश सिंह और नोरत सिंह शामिल हैं। गणेश सिंह उस कार का चालक है, जिसमें तस्करी के सोने की बिस्किट छिपा कर लाई जा रही थी। इसी कार के गुप्त बाक्स से 13 किलो 272 ग्राम के कुल सोने की 80 पीस बुलियन जब्त की गई है।

# 'सीएए को लेकर हम भ्रमित थे, हमें क्या फर्क पड़ता है...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** संकरी गलियों में छिपती सूरज की किरणों के बीच खामोश शाहीन बाग। माह-ए-रमजान में जोहर की नमाज पढ़ने जाते और लौटते रोजेदार। पुलिस का पहरा। अपनी-अपनी दिनचर्या में मशगूल लोग। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के नाम पर तैनात पुलिस बल के सिवाय सड़कों पर कोई हलचल नहीं। सीएए के विरोध में करीब चार साल पहले चार माह तक आंदोलनरत रहे शाहीन बाग में यही नजारा देखने को मिला सीएए का विरोध करने वालों का सोच बदलता नजर आया। धरने पर बैठने वाली महिलाओं-पुरुषों के मन में पैदा हुईं आशंकाएं दूर होती देखी गईं। 15 दिसंबर 2019 को संसद में सीएए के पास होने पर शाहीन बाग में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। महिलाएं-पुरुष सड़क पर धरने पर बैठ गए थे। खासकर महिलाओं का यह धरना-प्रदर्शन चार माह तक चला था।




**अब प्रदर्शन और विरोध की जरूरत नहींः शबाना**

कोरोना की वजह से धारा 144 लागू होने के बाद दिल्ली से पुलिस ने धरना खत्म करा दिया था। अब सीएए लागू हो गया है। मगर यहां माहौल बिल्कुल जुदा है। कपड़े की दुकान करने वाले हनीफ से सीएए के बारे में बात करनी शुरू की तभी वहां खड़ी शबाना तपाक से बोल पड़ीं, अब प्रदर्शन और विरोध की जरूरत नहीं है। मुसलमानों को इस कानून से कोई परेशानी नहीं है। हनीफ भी उनकी हां में हां मिलाते नजर आए। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक हथकंडा है। राजनीतिक दल चाहते हैं कि हम धरना-प्रदर्शन करें और वे अपने हिसाब से फायदा उठाएं। हम यहां के नागरिक हैं और हमेशा रहेंगे। कोई हमें नहीं भगा सकता है।


**फर्क नहीं पड़ता**

**प्रदर्शन और विरोध की जरूरत नहीं है। मुसलमानों को इस कानून से कोई परेशानी नहीं है**

# अवैध कालोनी पर फिर से गरजा योगी का बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः** कांठ रोड पर काजीपुरा के प्रेमनगर में मोमिन द्वारा 15 बीघा जमीन पर अवैध कालोनी बसाई जा रही है। एमडीए के प्रवर्तन दल की टीम ने उपाध्यक्ष शैलेष कुमार के निर्देश पर अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध कालोनियां बसाने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के काजीपुरा स्थित प्रेमनगर में मोमिन नाम के व्यक्ति 15 बीघा जमीन पर बिना ले आउट पास कराए अवैध निर्माण करा रहा था। मामले की शिकायत एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार से की गई। एमडीए ने नोटिस देकर मोमिन को अवैध निर्माण नहीं कराने के लिए कहा। इसके बाद भी उसने सुध नहीं ली। इसके बाद एमडीए सचिव अंजुलता ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश पारित कर दिया। एमडीए के सहायक अभियंता केके शुक्ला, अवर अभियंता मनोज सिंह प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम व सिविल लाइंस पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराएं। ऐसा पाए जाने पर प्राधिकरण द्वारा इसे सुसंगत धारा में कार्रवाई करते हुए कभी भी ध्वस्त कर दिया जाएगा।



**बाबा का बुलडोजर**

**15 बीघा में बस रही कॉलोनी ध्वस्त, लाल निशान लगने के बाद भी नहीं हटाया था अवैध निर्माण**

## प. राजस्थान के आठ जिलों में इस बार नहीं होगी पानी की समस्या- कन्हैयालाल

**बीकानेरः** राजस्थान के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि इस बार इंदिरा गांधी नहर बंदी नहीं होगी। इससे बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के दस जिलों में पीने के पानी की समस्या नहीं होगी और किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी मिलता रहेगा। पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐसा लोकसभा चुनाव के कारण नहीं, बल्कि तेज गर्मी में आम आदमी की जल समस्या को देखते हुए किया गया है।

## डबल इंजन सरकार बनते ही जनता को मिलने लगी सहूलियतें- अनिता भदेल

**अजमेरः पूर्व मंत्री** एवं अजमेर दक्षिण की विधायक अनिता भदेल ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार के आते ही जनता के खाते में सहूलियतों की बौछार होने लगी है। उन्होंने राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर वेट राशि घटा कर की गई पेट्रोल डीजल खरीद कीमतों में कमी को जनता के लिए महंगाई से राहत भरा निर्णय बताया।

# चुनाव ड्यूटी कटवाने को लगा रहे जुगत, कर्मचारियों ने बनाए बहाने

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानीः** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों का दौर तेज हो चुका है। जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता प्रभारी संग कार्मिकों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन से जुड़े कामों का दबाव बढ़ जाएगा। हालांकि, इससे पहले ही करीब 100 लोगों ने चुनावी ड्यूटी से नाम हटाने के लिए आवेदन कर दिया है। कोई खुद बीमार है तो किसी के परिवार का सदस्य बीमारी से जूझ रहा है, जिसकी देखरेख के लिए उनके अलावा कोई दूसरा सक्षम व्यक्ति नहीं है। चुनाव के लिए सभी महकमों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मा दिया गया है। किसे क्या काम करना है, यह बताने के साथ-साथ प्रशिक्षण में सब कुछ समझाया भी जा रहा है, लेकिन कई कर्मचारी ऐसे हैं जो निर्वाचन ड्यूटी से दूरी बनाना चाहते हैं। कार्मिक कक्ष में इनके माध्यम से आवेदन दिए जा रहे हैं। ज्यादातर मामलों में बीमारी को वजह बताया गया है। गुरुवार को पहुंची एक महिला ने पति की बीमारी का हवाला दिया।



जिस पर उसे मेडिकल बोर्ड के समक्ष जाने के लिए कहा गया। वहीं, नोडल कार्मिक व सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने बताया कि बोर्ड के सत्यापन के बाद ही आवेदन पर विचार किया जाता है।

**कुछ का ट्रांसफर, दोनों जगहों से बचेंगेः** चुनावी ड्यूटी को लेकर कार्मिकों के आंकड़े जुटाने का काम पिछले साल के अंत में शुरू हो गया था। कुछ लोग ऐसे भी थे, जिनका ट्रांसफर हो चुका है। तबादले से इन्हें फायदा होगा। पुराने जिले से नाम हटेगा, जबकि नए जिले में पहले से सूची बनने के कारण इनकी ड्यूटी लगने की संभावना कम है।

# गोरखपुर में फुलझड़ी से उड़ेगा गुलाल, बम से होगी रंगों की वर्षा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः** गोरखपुर होली के चटख रंग से बाजार सराबोर हो चुका है। इस बार की होली दीवाली जैसी होगी। एक तरफ गुलाल की फुलझड़ी छूटेगी तो वहीं बम से रंग निकलेंगे। ड्रोन के साथ ही गन से रंग-गुलाल बरसेंगे तो अनार व बम के पलीते को जलाते ही हल्के धुएं के साथ रंग निकलेंगे और आसपास खड़े लोगों को होली के रंग में सराबोर कर देंगे। बाजार में बिक रहे स्माग फाक, कलर स्माग तथा स्माग फाउंटेन जैसे तरह-तरह के गुलाल भी त्योहार को खास बनाएंगे। शहर के प्रमुख बाजार पांडेयहाता में होली के बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। मोदी-योगी के मास्क व डबल धार वाली पिचकारी, मूविंग गन की पिचकारी तथा रंग वाले पटाखे लोगों को खूब भा रहे हैं। बच्चों को थ्रीडी, बार्बी डाल, स्पाइडर मैन तथा बटरफ्लाई पिचकारी भी आकर्षित कर रहे हैं। पिंक डाली पंप को लोग अधिक पसंद कर रहे हैं। यह पिचकारी म्यूजिकल है। इसमें पानी के साथ होली का गाना भी बजता है। पांडेयहाता स्थित रंग-गुलाल व पिचकारी के थोक कारोबारी पवन कुमार पटवा ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष होली के सामानों में काफी विविधता देखने को मिल रही है।

सिलेंडर वाले गुलाल दो व पांच किलो में उपलब्ध है, जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इसकी कीमत एक हजार व 12 सौ रुपये हैं। योगी-मोदी की फोटो वाली केसरिया टोपी, पटका तथा सिर में बांधने वाली पट्टी खासकर युवा अधिक पसंद कर रहे हैं। ये सभी माल दिल्ली, कोलकाता, हरियाणा व हाथरस से मंगाए गए हैं।

**दीवाली जैसी**

**गोरखपुर होली के चटख रंग से बाजार सराबोर हो चुका है। इस बार की होली दीवाली जैसी होगी**

**खुलासे**

**इस मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है दिल्ली पुलिस को चौकाने वाली जानकारी मिल रही है**

# अस्पतालों से डेटा लेकर तीन तरीके से मरीजों को बनाते थे शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जानलेवा बीमारी कैंसर के इलाज में उपयोगी कीमोथेरेपी की नकली दवाओं के कारोबार करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने से इस मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है दिल्ली पुलिस को चौकाने वाली जानकारी मिल रही है। गिरफ्तार आरोपितों में दो कोमल तिवारी व अभिनव कोहली वर्तमान में रोहिणी स्थित राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के कीमोथेरेपी विभाग में ही काम कर रहे थे। इनमें कोमल कीमोथेरेपी विभाग का इंचार्ज था, जबकि अभिनव इस विभाग में मरीजों को कीमोथेरेपी देने यानी ग्लूकोज में कीमोथेरेपी की दवा मिलाने का काम करता था।



**नीरज दवा बनाने के बाद बेचने का करता था कामः** तीसरा आरोपित नीरज चौहान, नकली दवा बनाने के बाद उसे बेचने का काम करता था। वह पहले धर्मशिला, पारस व बीएलके जैसे कैंसर अस्पतालों में काम कर चुका है। कई अस्पतालों में काम करने, बी फार्मा करने व मेडिकल सेक्टर से जुड़े होने के कारण गिरफ्तार आठों आरोपित एक दूसरे के संपर्क में आए थे, जिससे दिल्ली-एनसीआर के कैंसर अस्पतालों में इनके अच्छे संपर्क हैं। अपने संपर्कों का फायदा उठाकर आरोपित कैंसर मरीजों का डेटा हासिल कर तीन तरीके से अपने नापाक धंधे को अंजाम दे रहे थे।

**इन तीन तरीकों से मरीजों से करते थे संपर्क**

**पहलाः-** आरोपित कैंसर के मरीजों व उनके तीमारदारों से सीधे संपर्क कर उन्हें सस्ती कीमत में दवा मुहैया कराने का झांसा देकर नकली दवा बेच देते थे।

**दूसराः-** आरोपित नकली दवा बनाकर उसे बाजारों में बेचते थे। दिल्ली-एनसीआर के अलावा हरियाणा, यूपी,बिहार व पुणे में दवा विक्रेताओं को कीमोथेरेपी की नकली दवा बेचने की अबतक पुष्टि हो चुकी है।

**तीसराः-** अफ्रीकी देशों, नेपाल व अन्य देशों से कैंसर के इलाज के लिए दिल्ली आने वाले मरीजों को नकली दवा बेचते थे।

हर कैंसर अस्पताल में विदेश से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए अलग से एक-एक शाखा बनाया हुआ है।

**फर्जीवाड़ा**

**आरोपित कैंसर मरीजों का डेटा हासिल कर तीन तरीके से अपने नापाक धंधे को अंजाम दे रहे थे**

## दुनिया का सबसे बडा महाघोटाला है इलेक्टोरल बॉन्ड- पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह

**अलवरः** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बनी इस सरकार ने देश ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बडा महाघोटाला इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर कर राजनीति की पराकाष्ठा की सारी हदें पार कर दी हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह शुक्रवार को अलवर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ना खाउंगा न खाने दूंगा का ढिंढोरा पीटने वाले इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर देश के इतिहास में सरकारी एजेंसियो का दुरुपयोग कर डरा धमकाकर देश की जनता का खून पसीने से सिंचित किया हुआ धन खुद ही डकार गए।